

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-298 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 11 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## आरक्षण से बाहर करना सरकार का काम', क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछले 75 सालों को ध्यान में रखते हुए आरक्षण का लाभ ले चुके ऐसे व्यक्तियों को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए जो दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं, लेकिन इस पर फैसला कार्यपालिका और विधायिका को लेना होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा दिए गए एक फैसले का जिक्र करते हुए एक याचिका पर यह टिप्पणी की। संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, जो सामाजिक रूप से विषम वर्ग है, ताकि उन जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण प्रदान किया जा सके जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं। जस्टिस गवई भी संविधान पीठ का हिस्सा थे और उन्होंने एक अलग निर्णय लिखा था। उन्होंने कहा था कि राज्यों को एससी और अनुसूचित जनजातियों (SC/ST) के भीतर भी क्रीमीलेयर की पहचान करने की नीति बनाई जानी चाहिए। उनमें जो लोग सक्षम हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहिए।

याचिकाकर्ता के वकील ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के उसी निर्णय का उल्लेख किया, जिसमें ऐसी क्रीमी लेयर की पहचान करने के लिए नीति बनाने की बात कही गई थी। जस्टिस गवई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का दृष्टिकोण था कि उप-वर्गीकरण की अनुमति है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि संविधान पीठ ने राज्यों को नीति बनाने का निर्देश दिया था और तब से लगभग छह महीने बीत चुके हैं। पीठ ने जब याचिका पर सुनवाई के प्रति अनिच्छा जाहिर की तो वकील ने याचिका वापस लेने और संबंधित प्राधिकारी के समक्ष पक्ष रखने की अनुमति मांगी, जो इस मुद्दे पर निर्णय ले सके। पीठ ने इसकी अनुमति दे दी। जब वकील ने तर्क दिया कि राज्य नीति नहीं बनाएंगे और अंततः सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ेगा तो अदालत ने कहा, विधायिका कानून बना सकती है।सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ ने एक अगस्त को 6-1 के बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए राज्य एससी-एसटी वर्ग में उपवर्गीकरण कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 20 साल पुराने पांच न्यायाधीशों के ईवी चिनैया (2004) मामले में दी गई व्यवस्था को गलत ठहरा दिया था। ईवी चिनैया फैसले में पांच न्यायाधीशों ने कहा था कि एससी-एसटी एक समान समूह वर्ग हैं और इनका उपवर्गीकरण नहीं हो सकता।

## तिरुपति भगदड़ मामले में के.ए. पॉल ने चंद्रबाबू नायडू से इस्तीफे की मांग की

नई दिल्ली,(आरएनएस)। डॉ. के.ए. पॉल ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर तिरुपति में हुई भगदड़ से हुई मौतों के लिए जिम्मेदारी लेने को कहा। उन्होंने कहा कि इस घटना में 40 लोगों की जान गई, जिनमें 6 श्रद्धालु भी शामिल थे। डॉ. पॉल ने मुख्यमंत्री से तुरंत इस्तीफा देने की मांग की है। डॉ. पॉल ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपनी लापरवाही और राजनीतिक रैलियों में व्यस्तता के कारण लोगों की जान बचाने में नाकाम रहे हैं। उन्हें इस पद पर बने रहने का हक नहीं है और तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में हुई पुरानी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि तिरुपति त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है: 1. पुष्करालु हादसा (2019) गोदावरी महा पुष्करालु में भीड़ नियंत्रण में लापरवाही के चलते 23 लोगों की मौत हो गई थी। डॉ. पॉल ने इसे मुख्यमंत्री के खराब प्रबंधन का नतीजा बताया।




भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में अशोक रोड से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फिरोज शाह रोड स्थित आवास तक पूर्वांचल सम्मान मार्च निकाला। यह विरोध प्रदर्शन केजरीवाल की पूर्वांचली निवासियों के बारे में कथित टिप्पणी के जवाब में किया गया।

## मकर संक्रांति से आरंभ होंगे महिलाओं की बेहतरी के लिए कार्यक्रम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब युवा शक्ति किसान और नारी के जीवन में बदलाव लाने के लिए चारों मिशन पर कार्य कर रही है। विशेषकर नारी सशक्तिकरण की दिशा में मकर संक्रांति पर्व पर एक वृहद कार्यक्रम प्रस्तावित है। स्व रोजगार व स्वावलंबन के माध्यम से आर्थिक स्थिति में सुधार करते हुए महिलाओं को सशक्त करना हमारा उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ही लाड़ली बहनों को दिए जा रहे अनुदान की राशि में भी वृद्धि की गई थी। बहनों की स्थिति में उत्तरोत्तर उन्नति के उद्देश्य से उद्योग, स्वावलंबन और स्व-सहायता समूह की गतिविधियों जैसे आयाम भी जोड़े जा रहे हैं। रेडीमेड गारमेंट्स सहित अन्य उद्योगों में महिला श्रम आधारित ऐसे कार्य आरंभ किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे और उन्हें बेहतर जीवन का अवसर प्राप्त हो सकेगा। प्रदेश में इस प्रकार के चार उद्योग आरंभ किए जा चुके है, साथ ही गतिविधियों का और विस्तार किया जा रहा है। इन उद्योगों को राज्य सरकार की ओर से प्रति श्रमिक पाँच हजार रूपए इंसेंटिव की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश और देश की उन्नति में सब सहभागी हों, इसी भाव से राज्य सरकार विकास और जनकल्याण की दिशा में सक्रिय है। हमारा विश्वास है कि सबके समन्वित प्रयास से ही प्रदेश की तकदीर बदलेगी।

## अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तबीयत बिगड़ी, एम्स में करवाया भर्ती; सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद इलाज के लिए राजधानी दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। बता दें कि छोटा राजन फिलहाल अनेक अपराधों के आरोपों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स के जिस वार्ड में एडमिट है वहां दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को अक्तूबर 2015 में इंडोनेशिया से गिरफ्तार करने के बाद भारत लाया गया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। 25 अक्तूबर , 2015 को इंडोनेशिया में बाली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था और भारत लाया गया था।



## केजरीवाल को क्यों लग रहा डर, 1 करोड़ 55 लाख वोटर करेंगे वोट : अलका लांबा

नई दिल्ली (आरएनएस)। कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक करोड़ 55 लाख वोटर वोट करेंगे। केजरीवाल को इतना डर क्यों लग रहा है। अलका लांबा केजरीवाल के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिसमें केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि नई दिल्ली विधानसभा में साजिश के तहत भाजपा वोट कटवा रही है।दिल्ली में कांग्रेस के कमजोर होने के केजरीवाल के बयान पर कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा, देखिए हर क्षेत्रीय दल दूसरे क्षेत्रीय दल की जमीन बचाने की मदद कर रहा है।

## सड़क पर अचानक सामने आ गए दो बाघ, घबराकर पेड़ में जा घुसी कार

भोपाल,(आरएनएस)। राजधानी भोपाल के चंदनपुरा के पास शुक्रवार की सुबह सड़क पर उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां सड़क पर अचानक से एक साथ एक साथ दो बाघ आ गए। सड़क पर दो-दो टाइगर आने से हड़कंप मच गया। सामने से आ रही स्कॉर्पियों कार इस आपाधापी में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर से जहां एक तरफ वाहन छतिग्रस्त हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ चालक को भी चोटें आई हैं।प्रत्यक्षदर्शी ने बताया चंदनपुरा सड़क से सटे राजधानी परियोजना क्षेत्र में दो बाघों का मूवमेंट देखा जा रहा है। बाघ अधिकतर समय सड़क के आसपास ही सक्रीय हैं। बाघों ने एक गाय का शिकार भी किया है। हालांकि, आसपास लोगों की सक्रीयता के चलते बाघ उसे मृत अवस्था में छोड़ गए। फ्लिहाल, वन्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंदनपुरा में राहगीरों की आवाजाही बाघों और इंसानों के लिए बड़ा खतरा है।

## अमृतसर के गुमटाला चौकी के बाहर ब्लास्ट, बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी; 47 दिनों में नौवीं घटना

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर में स्थित गुमटाला चौकी के बाहर ब्लास्ट हुआ है। सूत्रों के अनुसार, इस ब्लास्ट की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है, वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह धमाका गाड़ी का रेडिएटर फटने से हुआ है। एसीपी शिव दर्शन ने बताया कि गुमटाला चौकी इंचार्ज ने विस्फोट की आवाज सुनी। इसके बाद उन्होंने बाहर जाकर देखा तो पता चला कि गुमटाला चौकी के बाहर खड़ी पुलिस अधिकारी की गाड़ी में ब्लास्ट हुआ है, जब उसे चेक किया गया तो पता चला कि उसका रेडिएटर फटा था। इससे अंदाजा लगाया गया कि धमाके की असल वजह यही है। एसीपी शिव दर्शन सिंह ने कहा कि ब्लास्ट से संबंधित कुछ अफवाहें



सोशल मीडिया पर झूठी फैलाई जा रही है कि थाने के बाहर धमाका हुआ है। हालांकि, ये ब्लास्ट गाड़ी का रेडिएटर फटने से हुआ है, धमाका ज्यादा जोरदार नहीं था और जानमाल का भी नुकसान नहीं हुआ है। धमाका रात साढ़े नौ बजे के करीब हुआ था। उन्होंने लोगों से अफवाह नहीं फैलाने की भी अपील की है।

बता दें कि गुमटाला पुलिस चौकी के पास ही आर्मी कैंट इलाका भी पड़ता है। इसके अलावा चौकी से कुछ मीटर दूरी पर कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला का आवास भी है। फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहले भी अमृतसर के पुलिस स्टेशनों को निशाना बनाया गया है। इससे पहले अजनाला में पुलिस स्टेशन के बाहर आरडीएक्स रखने का मामला सामने आया था और उसके बाद गुरबख्श नगर चौकी में सुबह-सुबह ब्लास्ट किया गया था, जिसकी जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली थी।

## इंडिया गठबंधन' को लेकर लोगों के मन में संशय : संजय राउत

मुंबई (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल ही में 'इंडिया गठबंधन' की मीटिंग नहीं होने को लेकर सवाल उठाए थे। उनके इस बयान के बाद शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि मीटिंग नहीं होना गठबंधन के लिए ठीक नहीं है।

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, लोकसभा चुनाव के बाद अब तक 'इंडिया गठबंधन' की बैठक नहीं हुई है। बैठक नहीं होना गठबंधन के लिए ठीक नहीं है।

उन्होंने विपक्षी नेताओं के बयान का जिक्र करते हुए कहा, तेजस्वी, ममता, अखिलेश और उमर अब्दुल्ला सभी का यह कहना है कि 'इंडिया गठबंधन' का अब वजूद नहीं है। लोगों के मन में इस प्रकार की भावना अगर आती है, तो इसके लिए गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जिम्मेदार है। संवाद नहीं है, डायलॉग नहीं है और चर्चा भी नहीं है।

## एचएमपीवी खतरनाक नहीं, लापरवाही से गर्भवती महिला और बच्चे को है खतरा

### -मामलों में हो रही बढ़ोतरी, पैनिक न होकर प्रिकॉशंस लेना जरूरी

नोएडा (ए)। देशभर में अलग-अलग राज्यों से एचएमपीवी वायरस के अब तक कुल 11 मामले सामने आए हैं। एक मामले की पुष्टि गुरुवार को यूपी के लखनऊ में हुई। इसको लेकर अब लोगों में डर पैदा होने लगा है। इस बारे में एक गाइनोकोलॉजिस्ट ने हाल ही में ह्यूमन मेटा-न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को जरूरी सलाह दी है। उन्होंने बताया कि एचएमपीवी के लक्षण आमतौर पर सर्दी-खांसी और बुखार जैसे होते हैं। संक्रमण के लक्षण संक्रमित होने के तीन से पांच दिन में सामने आते हैं। खासकर गर्भवती महिलाएं पांच साल से कम उम्र के बच्चे और छह महीने से छोटे शिशु या जो पहले से किसी बीमारी से ग्रसित हैं उन्हें इस वायरस से बचने और सावधानी बरतने की जरूरत है।गाइनोकोलॉजिस्ट ने बताया कि यह वायरस नया नहीं है और अधिकांश लोग इससे पहले ही संक्रमित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एचएमपीवी कोरोना वायरस की तरह खतरनाक नहीं है, क्योंकि इससे लोगों के शरीर में पहले से ही इम्युनिटी विकसित हो चुकी है। एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि करीब 12 फीसदी सामान्य सर्दी के मामले एचएमपीवी से जुड़े होते हैं। हालांकि, यह घातक नहीं है, लेकिन बचाव और सतर्कता बहुत जरूरी है।

## तीसरी आंख




## मेरठ में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या, बेड के अंदर छुपाए गए शव

मेरठ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ से एक भयावह वारदात सामने आई है। यहां पर एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई। वहीं, कुछ शव बेड के अंदर छिपा दिए गए। यह घटना मेरठ के लिसाड़ी गेट के सोहेल गार्डन के पास की है। यहां पर घर के अंदर पति-पत्नी और उनकी तीन बेटियों की लाश मिली है। जानकारी के मुताबिक मृतक मोइन पेशे से राजमिस्त्री था। मोइन और उसकी पत्नी साथ के तीन बेटियों की मौत हो गई।पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। हत्या की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और डॉग स्क्वॉड से हत्या के सुराग ढूंढने की कोशिश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में मोइन, उसकी पत्नी आसमा, तीन बच्चे अफ्सा (8), अजीजा (4), अदीबा (1) शामिल हैं। सभी के शव एक ही कमरे में मिले, साथ ही बच्चों की लाशों को बेड के अंदर छुपा दिया गया था।

## प्रदेश में शीतलहर चलने से बढ़ी ठंड कहीं बारिश तो कहीं बारिश होने की आंशका



भोपाल (आरएनएस)। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान पर प्रेरित चक्रवात बन गया है। इसके चलते हवाओं का रुख पूर्वी हो गया है। इससे रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है।मौसम विज्ञानियों के अनुसार हवाओं के साथ नमी आने के कारण शनिवार को प्रदेश में आंशिक बादल छा सकते हैं। साथ ही ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो सकती है। उधर, शुक्रवार को प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में रात का सबसे कम 2.8 डिग्री सेल्सियस तापमान शहडोल के कल्याणपुर में दर्ज किया गया।

हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा 2.3 डिग्री सेल्सियस पर रहा।शहडोल एवं मंडला में शीतलहर का प्रभाव रहा। 25 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। भिंड, मुरैना एवं ग्वालियर में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। ग्वालियर एयरपोर्ट में दृश्यता शून्य पर पहुंच गई थी।मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में उत्तर-पश्चिमी भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम बना हुआ है। एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान के आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात बन गया है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि हवाओं का रुख बदलने से फिलहाल कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना है। हवाओं के साथ नमी आने के कारण अभी दो-तीन दिन तक आंशिक बादल भी बने रह सकते हैं।

### बारिश की आशंका

साथ ही ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा भी हो सकती है। उधर, पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर मकर संक्रांति से फिर कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। इस दौरान कई शहरों में शीतलहर भी चल सकती है।

## सीएम योगी ने किया मां की रसोई का उद्घाटन, मात्र 9 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां की रसोई का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए संस्थान की ओर से शुरू की गई इस सेवा पर प्रसन्नता जाहिर की और खाने की गुणवत्ता, स्वच्छता के साथ ही सुविधाओं की भी सराहना की। उन्होंने थाली परोसकर सेवा भी की और मां की रसोई के किचन का भी अवलोकन किया।प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सीएम योगी स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने फीता काटकर नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मां की रसोई का शुभारंभ किया। शुभारंभ करने के बाद सीएम डाइनिंग रूम में भी पहुंचे, जहां लोगों को बैठाकर खाना खिलाने का प्रबंध किया गया है। यहां मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से थाली लगाकर वहां उपस्थित लोगों की सेवा की।इसके बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी उन्हें लेकर सीधे किचन पहुंचे, जहां खाना तैयार किया जाता है।





# अधिकारी वही, जो जनहित के करें कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**-दुग्ध उत्पादन को 20 प्रतिशत तक बढ़ाना और कृषि रकबे को एक करोड़ हैक्टेयर तक ले जाना हमारा लक्ष्य**
**-मुख्यमंत्री ने 3 विभागों के 362 अधिकारियों-कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान**

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अधिकारी वह है, जो जनहित में कार्य करें। इस उद्देश्य से शासकीय सेवा में प्रवेश करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, स्वयं को प्रधान सेवक मानते हैं। मध्यप्रदेश का मंत्रि-मंडल भी परस्पर सहयोग से जनता के सेवक के रूप में कार्य कर रहा है। पद पर आने के बाद हमारे मन में अहंकार नहीं होगा, इस संकल्प के साथ, समाज हित और प्रदेश के विकास के लिए समर्पित होकर अपने दायित्व निर्वहन में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में कृषि, पशुपालन और राजस्व विभागों के लिए चयनित 362 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं।

उन्होंने कहा कि माता-पिता सहित परिवार के सदस्यों की आशा, अपेक्षा और उनके सहयोग के परिणामस्वरूप ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव चयनित अधिकारियों सहित उनके परिजन को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के बाद प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर होने का प्रयास जारी रखें। अधिकारी अपनी क्षमता, योग्यता को पहचानते हुए अपने उत्तरदायित्व का श्रेष्ठतम तरीके से निर्वहन कर स्वयं भी गौरवान्वित हो और शासन को भी गौरवान्वित करें।

**256 कृषि विस्तार अधिकारी, 70 सहायक पशु चिकित्सकों और 36 नायब तहसीलदारों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विभाग के



256 कृषि विस्तार अधिकारी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 70 सहायक पशु चिकित्सकों और राजस्व विभाग के 36 नव चयनित नायब तहसीलदारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

**दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने प्रदेश के सभी जिलों में सायबर तहसील स्थापना की पहल की। यह तकनीक के उपयोग से नागरिक सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। देश में दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है। हमारा लक्ष्य दुग्ध उत्पादन की क्षमता को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाना है। इससे देश के किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रदेश में गौ-माता की बेहतर देखभाल के लिए गौ-शालाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में भोपाल सहित सभी बड़े शहरों में 10-10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं संचालित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों की आय बढ़ाने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका दुग्ध उत्पादन की है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे किसानों को सीधे तत्काल लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि दस गाय से अधिक गौ-पालन करने वालों को अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गाँवों में सड़क, घर-घर नल से जल जैसी सुविधाएं मिलने से गौपालन भी सुविधाजनक हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नव चयनित अधिकारी से यही अपेक्षा है कि वे अपनी प्रतिभा और क्षमता को निरंतर बेहतर करें। विकास की नई संभावनाओं के लिए प्रतिबद्धता के साथ अधिकारी सेवा में प्रवेश करें। प्रदेश में कृषि के रकबे को अगले 5 साल में 48 लाख हैक्टेयर से एक करोड़ हैक्टेयर तक ले जाने का संकल्प है।

इस उद्देश्य से हमें सभी प्रबंध बेहतर करने होंगे। राजस्व अधिकारियों की नियुक्तियां, कृषि और पशुपालन विभाग के अमले में विस्तार इसमें सहायक होगा। राज्य सरकार द्वारा कृषि और पशु चिकित्सा की शिक्षा सुविधा का भी विस्तार किया जाएगा, इसमें नई शिक्षा नीति भी सहायक है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वितरित किए नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विस्तार अधिकारी प्रियंवदा द्विवेदी, कमलेश वाटी, राजेश मीणा, सुश्री बबली बागरी, सुश्री अर्चना गौर, सहायक पशु चिकित्सक डॉ. पूजा सोलंकी, डॉ. नीतेश सूर्यवंशी, डॉ. राहुल यादव और नायब तहसीलदार सुश्री भारती सोलंकी, रवि पटेल, कपिल गुर्जर आदि को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा, किसान एवं कृषि विकास मंत्री कंषाना, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी।

## विविध-समाचार

### पुलिस कमिश्नर ने जेल में किया मौका मुआयना

भोपाल, (आरएनएस)। सेंट्रल जेल में बुधवार को मिले चाइनीज ड्रोन की गुत्थी सुलझ गई है। जेल के पास द्वारकाधाम कॉलोनी में रहने वलो डॉ. स्वप्निल जैन ने दावा किया है कि यह ड्रोन उन्होंने बेटे के लिए खरीदा था। उड़ाते समय तेज हवा के कारण कंट्रोल रेंज स बाहर हो गया और जेल की तरफ जाकर गुम हो गया। महावीर मेडिकल कॉलेज क प्रोफेसर डॉ. जैन गत दिवस सेंट्रल जेल में जांच करने पहुंची टीम से मिले और ड्रोन का रिमोट कंट्रोल भी दिखाया। उन्होंने बताया कि शाम को आसपास ड्रोन खोजने की कोशिश की थी, लेकिन नहीं मिला। इधर, पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र भी गत दिवस सेंट्रल जेल पहुंचे और मौका मुआयना किया।

### सीएम राइज सहित अन्य स्कूलों में कमजोर बच्चों के लिए लगाई जा रही अतिरिक्त कक्षाएं

भोपाल (आरएनएस)। एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षा में करीब डेढ़ माह का समय शेष है। ऐसे में स्कूलों में कमजोर स्टूडेंट्स पर विशेष फोकस किया जा रहा है। हर स्कूल में वार्डन टीचर नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक टीचर को पांच-पांच कमजोर स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी दी गई है। स्कूलों में सैंपल पेपर से तैयारी कराई जा रही है। कई स्कूलों में रविवार और त्यौहार के दिन भी एक्स्ट्रा कक्षाएं लगाई जा रही हैं। सीएम राइज स्कूलों में कमजोर विद्यार्थियों को चयनित कर उनकी जिम्मेदारी शिक्षकों से अलग से दी गई है। वार्षिक परीक्षाओं से पूर्व 10वीं-12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से होंगी। बोर्ड ने वेबसाइट पर अपलोड किया प्रश्नों का पैटर्न : बोर्ड ने प्रश्नों का पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है कक्षा दसवीं में हर विषय का पेपर 75 अंक का और आंतरिक मूल्यांकन 25 अंक का होगा। 12वीं की परीक्षा में नॉन प्रैक्टिकल विषय 80 और आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक का होगा। वहीं, प्रायोगिक विषयों का पेपर 70 अंक का होगा और 30 अंक का प्रैक्टिकल होगा। इस बार दोनों कक्षाओं के दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के बदले दो अंकों वाले लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या ज्यादा होगी। वस्तुनिष्ठ प्रश्न 30 अंक के होंगे।

### निगम ने की विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही, नागरिकों ने ली राहत की सांस

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मध्य विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्र. 48, 50 एवं 51 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अतिक्रमणों को हटाया और 15 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। अतिक्रमण हटाए जाने से नागरिकों को आवागमन में सुगमता प्राप्त हुई और उन्होंने राहत की सांस ली।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मध्य विधानसभा के अंतर्गत जोन क्र. 06 के वार्ड क्र. 51 के त्रिलंगा क्षेत्र से प्रारंभ करते हुए अन्य क्षेत्रों में अवैध रूप से बने शेड हटाए तथा दुकानों के बाहर रखा सामान जप्त किया। निगम अमले ने ट्रॉफिक्र पुलिस के सहयोग से सड़कों पर खड़े वाहनों को भी जप्त किया। निगम अमले ने ओरामाल, ग्रीन सिटी कालोनी आदि में कार्यवाही करते हुए कालोनी के सामने पार्किंग पर बनाए गए अवैध शेड हटवाए और कुर्सी, टेबिल सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त किया। निगम अमले ने वार्ड क्र. 50 के अंतर्गत नहर पर अवैध रूप से किए गए कब्जों को हटाते हुए 05 ठेले, 01 गुमठी एवं शेड जप्त करने की कार्यवाही की। निगम अमले ने वार्ड क्र. 48 के अंतर्गत बंसल हॉस्पिटल के आसपास से 05 अवैध गुमठियां हटाई। निगम अमले ने उपरोक्त कार्यवाही में 15 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। निगम अमले ने अतिक्रमणकारियों को पुन: अतिक्रमण न करने की समझाइश दी साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि पुन: अतिक्रमण पाया गया तो संबंधितों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### खाद्य विभाग की गैस एजेंसी और खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्यवाही

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग को रोकने हेतु खाद्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस मुहिम के तहत, 1 जनवरी 2024 से अब तक 72 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। इन कार्यवाहियों के दौरान कुल 1182 घरेलू गैस सिलेंडर, 30 छोटे अमानक सिलेंडर और अन्य सामग्री जैसे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, गैस अंतरण यंत्र और पंप मशीन जप्त की गई है। जप्त सामग्री की कुल कीमत ?42,08,304 आंकी गई है।आज खाद्य विभाग की टीम ने मेसर्स सारा गैस एजेंसी, जहांगीराबाद एचपीसीएल कंपनी और करोंद चौराहा स्थित जय माँ काली नाश्ता घर, ठाकुर टी स्टाल, पंडित जी टी स्टाल और निहाल कैफ़े एंड रेस्टोरेंट में जांच की। गैस एजेंसी में स्टॉक संबंधित अनियमितताएं पाई गईं एवं अन्य प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का व्यवसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। इन मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


### अवधपुरी पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार

भोपाल।(आरएनएस)। अवधपुरी पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक लाख रुपए कीमत की सेंटिंग प्लेट बरामद की गई है। गिरोह का संचालन नगर निगम कर्मचारी का बेटा करता था। आरोपी चोरी के लिए किराए की लग्जरी कारों का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी आरोपी बनाया है।अवधपुरी थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार ने बताया कि एक दिन पहले ठेकेदार इंदल सिंह सिकरवार शिकायत लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वह मकान बनाने का ठेका लेते हैं। वेदवती कॉलोनी स्थित साइट पर काम चल रहा है। वहां से उनकी करीब 90 सेंटिंग प्लेट चोरी हुई हैं। मामला दर्ज कर पुलिस ने आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें चोर थार कार से आते दिखाई दिए। पुलिस ने नंबर से कार ट्रेस की, जो ट्रेवल्स की निकली।पुलिस टीम ट्रेवल्स पर पहुंची तो पता चला कि चोरों ने कार किराए पर ली थी। वहां से मिले आधार और ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी से पुलिस ने चोरों को ट्रेस किया। पुलिस ने उदय नागले, सिद्धांत भटनागर सहित उनके दो नाबालिग साथियों को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उन्होंने चोरी की प्लेट कबाड़ी नसीम खान को बेच दी हैं। करीब एक लाख कीमत की प्लेट कबाड़ी ने 45 हजार में खरीदी थी।

## अब तक 6 लाख 4 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

भोपाल (निप्र)। राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप के जरिए भी ई-केवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 6 लाख 4 हजार 399 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। कंपनी ने बताया है कि केवायसी प्रक्रिया के तहत नर्मदापुरम ग्रामीण में 71 हजार 140, बैतूल ग्रामीण में 84 हजार 948, राजगढ़ ग्रामीण में 40 हजार 783, शहर वृत्त भोपाल में 49 हजार 170, भोपाल ग्रामीण में 37 हजार 259, गुना ग्रामीण में 31 हजार 838, विदिशा ग्रामीण में 43 हजार 124, सीहोर ग्रामीण में 23 हजार 204, ग्वालियर ग्रामीण में 20 हजार 927, शहर वृत्त ग्वालियर में 38 हजार 240, अशोकनगर ग्रामीण में 18 हजार 558, दतिया ग्रामीण में 22 हजार 133, रायसेन ग्रामीण में 43 हजार 190, शिवपुरी ग्रामीण में 22 हजार 884, हरदा ग्रामीण में 18 हजार 601, श्योपुर ग्रामीण में 8 हजार 966, मुरैना ग्रामीण में 20 हजार 203 और भिण्ड ग्रामीण में 9 हजार 241 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है।

## डॉक्टरों ने कहा - सामान्य फ्लू की तरह ही है वायरस, बस सावधानी बरतें



भोपाल,(आरएनएस)। चीन में फैले कारान जैसे वायरस एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) के देश में अब तक 11 केस मिल चुके हैं। इसको लेकर लोगों के मन में तमाम तरह की आशंकताएं भी हैं, लेकिन राजधानी के विशेषज्ञों के मुताबिक ये वायरस नया नहीं है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले साल गांधी मेडिकल कॉलेज में आधा दर्जन मरीजों की पहचान की गई थी, जो इस वायरस से पीड़ित थे। सभी मरीजों का सामान्य वारदात हुआ था, जो चारन पांच दिन में ठीक भी हो गया था। डॉक्टरों का मानना है कि इस वायरस से लोगों को घबराने की नहीं है, बल्कि सावधानी बरतने की जयरत है। रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ रेस्पिरेटरी डिजीज (आरआईआरडी) के प्रोफेसर डॉ. लोकेन्द्र दवे के मुताबिक एचएमपीवी वायरस ठंड के सीजन में अलग-अलग देशों में लोगो को प्रभावित करता है। इसलिए इसे लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं हे। बस कोविड प्रोटोकाल को फॉलो करने की जरूरत है। डॉ. दवे के अनुर न तो इसके लिए कोई अलग से ट्रीटमेंट है और न ही किसी विशेष जांच की जरूरत है। यह हैं लक्षण - वारयस मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खासंने या छींकने से निकलने वाली श्वसन बूंदों के माध्यम से फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने या दूषित सतहों को छूने के बाद आंख, नाक या मुंह को छूने से भी संक्रमण हो सकता है। बुखार, नाक बहना, गले में खराश, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, थकान होना आदि है।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण एयर इंडिया की फ्लाइट ढाई घंटे लेट आई

भोपाल (आरएनएस)। दिल्ली में घने कोहरे के कारण एअर इंडिया की उड़ान गुरुवार को ढाई घंटे की देरी से आई। जानकारी के अनुसार, एआई 433 दिल्ली-भोपाल उड़ान दोपहर 2:30 बजे दिल्ली से रवाना होकर शाम चार बजे भोपाल पहुंचती है। खराब मौसम के कारण गुरुवार को यह उड़ान दिल्ली से शाम 5:22 बजे रवाना हुई ओर शाम 6:30 बजे भोपाल पहुंची। ज्ञात हो कि कई दिनों से दिल्ली में घने कोहरे के कारण उड़ानें प्रभावित हो रही हैं।

### *उदयपुर में केन्द्र सरकार के दूसरे विभागीय चिंतन शिविर में शामिल होंगी मंत्री भूरिया*

*भोपाल (आरएनएस)। महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया राजस्थान में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित दूसरे चिंतन शिविर में शामिल होंगी। उदयपुर में 10 से 12 जनवरी के बीच इस चिंतन शिविर में सभी राज्यों की महिला एवं बाल विकास मंत्री मौजूद रहेंगी। मंत्री भूरिया शिविर में झाबुआ जिले में किए गये नवाचार कुपोषण मुक्त अभियान के तहत 'मोरी आई' कान्सेज के संबंध में जानकारी साझा करेंगी। झाबुआ जिले में लागू इस नवाचार के सुखद और सकारात्मक परिणाम मिले है। केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झाबुआ में शुरू किए गये नवाचार की सराहना की थी। राजस्थान के उदयपुर में हो रहे चिंतन शिविर में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्रियों के साथ-साथ राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं। ये अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण आहार तथा महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर और राज्यों की जरूरत के अनुसार रोडमैप तैयार करेंगे।*

## नायब तहसीलदार के साथ साइबर फ्रॉड,जालसाज ने 2.64 लाख उड़ाए



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में नए साल की पार्टी के लिए होटल ताज में बुकिंग कराने के दौरान एक नायब तहसीलदार साइबर ठगी का शिकार हो गईं। गूगल पर सर्च किए गए फर्जी नंबर से संपर्क करने के बाद उन्होंने अपने पति, सीआईएसएफके असिस्टेंट कमांडेंट के क्रेडिट कार्ड की जानकारी साझा की, जिससे जालसाज ने 2.64 लाख रुपये उड़ा लिए। मामले की शिकायत थाने में की गई। एक सप्ताह की जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। शाहपुरा थाना प्रभारी लोकेश ठाकुर ने बताया कि अंकित दुबे सीआईएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हैं और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग छिंदवाड़ा जिले में है। उनकी पत्नी अनुकृति मिश्रा नायब तहसीलदार हैं और साइबर तहसील में पदस्थ हैं। वह रोहित नगर, शाहपुरा में परिवार के साथ रहती हैं।31 दिसंबर को उन्हें परिवार के साथ नए साल की पार्टी के लिए होटल ताज जाना था। उनके पास होटल ताज का कोई संपर्क नंबर नहीं था, इसलिए उन्होंने गूगल के जरिए होटल का नंबर खोजा। पहले ही नंबर पर जो होटल ताज की वेबसाइट दिखी, उसे क्लिक करके उन्होंने दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने कहा कि बहुत कम टिकट बचे हुए हैं और जल्द से जल्द बुकिंग करनी होगी। जब नायब तहसीलदार ने बुकिंग के तरीके के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि वे क्रेडिट कार्ड के जरिए भुगतान करेंगी।

## चायनीज मांझे के ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क से संभावित दुर्घटना से बचाव हेतु रोको-टोको अभियान



भोपाल(आरएनएस)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) की ट्रांसमिशन लाइनों के समीप चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के कारण संभावित दुर्घटना की आशंकाओं पर अंकुश लगाने और नागरिकों को सतर्क तथा सुरक्षित करने प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको ने रोको-टोको अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने स्थानीय जिला प्रशासन से चायनीच मांझे के इस्तेमाल पर रोक तथा ट्रांसमिशन लाइनों के समीप के उन क्षेत्रों को संवेदनशील और खतरनाक घोषित करने के लिये अनुरोध किया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आग्रह किया है की ट्रांसमिशन लाइनों के पास पतंग नहीं उड़ायें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बहुतायत पतंग उड़ाये जाने वाले संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिकों से व्यक्तिगत संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा पोस्टर बैनर एवं पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से उन्हें सचेत एवं सतर्क किये जाने का अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत के अनावश्यक व्यवधान का सामना न करने पड़े।गत वर्ष राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, धार सहित कुछ स्थानों पर ट्रांसमिशन लाइनों में चायनीज मांझा के साथ पतंग फंसने की घटनाओं के बाद विद्युत व्यवधान हुआ था तथा पतंग उड़ाने वालों को भी नुकसान पहुॅचा था। एम.पी. ट्रांसको के संवेदनशील प्रोटेक्शन सिस्टम के 100 प्रतिशत ऑपरेट होने से बड़ी जनधन हानि से बचा जा सका था।

# मैराथन में अधिक से अधिक आमजन करें सहभागिता : मंत्री श्री सारंग

**ऑर्मी मैराथन 19 जनवरी को भोपाल में निजी और शासकीय विश्वविद्यालय भी जुड़ेंगे मैराथन से**



भोपाल (निप्र)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने 19 जनवरी को होने वाली ऑर्मी मैराथन के संबंध में शुक्रवार को निजी और शासकीय विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने सभी विश्वविद्यालय के युवा एवं फैकल्टी को फिट रहने के लिये मैराथन में भागीदारी करने की अपील की। सभी ने फिट रहने के लिये इसमें भागीदारी करने की सहमति प्रदान की। मंत्री श्री सारंग ने भोपालवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मैराथन में सहभागिता करने का आह्वान किया।

**तीन श्रेणियों में होगी मैराथन**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वच्छ भारत, हरित भारत, फिट इंडिया के लिये भारतीय सेना के साथ दौड़े। यह सहन शक्ति, दृढ़ संकल्प और विजय की परिचायक बने। उन्होंने बताया कि मैराथन अपने आदर्श वाक्य फिट इंडिया, रन विद इंडियन ऑर्मी के माध्यम से भारत सरकार के फिट इंडिया एकता और देशभक्ति के अभियान को बढ़ावा देगा। मैराथन में 3 श्रेणी रखी गई है इसमें 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी के लिये न्यूनतम शुल्?क पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। सहभागियों को टी-शर्ट और ऑर्मी मैराथन में भाग लेने का प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। यही नहीं संस्था, विश्वविद्यालयों को भी इसका प्रमाण-पत्र मोमेन्टो के साथ प्रदाय किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मैराथन भोपाल स्थित द्रौणांचल से वीआईपी रोड होते हुए द्रौणांचल पर समाप्त होगी। मंत्री श्री सारंग ने सभी विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों से संबंधित संस्था एवं संस्थानों के सोशल मीडिया एकाउन्ट से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा है।

**हमारी सुरक्षा में ऑर्मी की महतवपूर्ण भूमिका**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हम घर और देश में सुरक्षित हैं, इसमें ऑर्मी का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिये सार्वजनिक रूप से सेना और सैनिकों के प्रति सम्मान करने की भावना को व्यक्त करने को कहा है। भोपाल में भी ऑर्मी का महत्वपूर्ण सेट-अप स्थापित है। ऑर्मी मैराथन के माध्यम से नागरिक सहयोग और सम्मान प्रकट कर सकते है। उन्होंने कहा कि मैराथन में अधिक से अधिक भागीदारी कर इतिहास बनाया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में आयोजित शिविरों से जानता को मौके पर मिल रहा लाभ

भोपाल (निप्र)। जिले में 11 दिसम्बर से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में अब तक जिले में 239 शिविर आयोजित किए जा चुके है। जिनमें एक लाख 76 हजार से अधिक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं और एक लाख 57 हजार से अधिक प्रकरणों को मौके पर ही निराकरण किया गया।जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 34 हितग्राहीमूलक योजनाएं, 11 लक्ष्य आधारित योजनाएं एवं 63 सेवाओं को



मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। शुक्रवार को वार्ड 41 हथैखेड़ा वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया। शहरी क्षेत्र में आगामी 11 को जनवरी मौलाना अब्दुल कलाम वार्ड 67, 13 जनवरी को वार्ड 63 गौतम बुध वार्ड, शाहपुरा, पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड 46, 15 जनवरी को वार्ड 64 सोनागिरी, 16 जनवरी को वार्ड 66, नरेला शंकरी, वार्ड ऑफिस -2 एयरपोर्ट रोड, जहांगीराबाद, 17 जनवरी को वार्ड 67 इंद्रपुरी, वार्ड 49, आशा निकेतन, 20 जनवरी को गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, वार्ड 65, अयोध्या नगर, वार्ड 68, 21 जनवरी गुलमोहर, वार्ड 50, 22 जनवरी को राजीव गांधी वार्ड 72, 23 जनवरी को भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल, वार्ड 73 मिसरोद, वार्ड 52, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड 42 में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# द्वार-द्वार जाकर लोगों की समस्यायें जानें जनप्रतिनिधि

*स्थानीय सरकार की सफलता तभी जब लोग आवेदन लेकर न भटकें : मंत्री श्री पटेल*

*अटल जी द्वारा स्थापित सुशासन को नगर पालिका नरसिंहपुर में स्थापित करने में सभी का सहयोग जरूरी*

नरसिंहपुर (आरएनएस)। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे व उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर, इंजी. अभिलाष मिश्रा, डॉ. अनंत दुबे, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीलम चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने के बाद पहली बार नगर पालिका नरसिंहपुर आया हूं। यह सौभाग्य की बात है कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वीं जन्म जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर 2024 से अगले एक वर्ष तक जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। देश के गांवों में विकास की बयार अटल जी ने ही लाई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और स्वर्णिम चर्तुभुज योजना की शुरूआत उन्हीं के द्वारा की गई थी। केन्द्र और राज्य सरकार श्रद्धेय श्री अटल जी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। इसे मनाने का उद्देश्य शासन जनता के प्रति पारदर्शी प्रभावी और जवाबदेह हो। मंत्री श्री पटेल ने नगर पालिका के अध्यक्ष सहित सभी अधिकारी- कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे सुशासन की दिशा में लोगों के हित में कार्य करें, यहीं श्रद्धेय श्री अटल जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रदेश में नवीन ग्राम पंचायतों में जो भवन बनाये जायेंगे, उन्हें अटल ग्रामीण सेवा सदन का नाम दिया गया है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की। इस योजना का उद्देश्य है कि देश के जरूरतमंद व्यक्तियों के पास पक्के मकान नहीं है, उनके स्वयं के पक्के मकान हो। इस योजना में छूटे हुए पात्र व्यक्तियों के लिए आवास प्लस की सूची बनाई गई। इसमें मध्यप्रदेश के 27 लाख परिवारों को शामिल किया गया। इस कड़ी में तीसरा और अंतिम सर्वे भी किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि यह काम हमें निचले स्तर से प्रारंभ करना होगा। जनप्रतिनिधि, पंच- सरपंच, पार्षद अपने क्षेत्र में यह भलीभांति जानते हैं कि किस पात्र व्यक्ति को लाभ मिला है या नहीं। जनप्रतिनिधि यदि पक्का इरादा कर ले तो कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से कभी वंचित नहीं रहेगा। स्थानीय स्तर पर अगर लोगों की समस्यायें सुनी जाये, तो व्यक्ति कभी आवेदन लेकर यहां- वहां नहीं भटकेगा।



मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह ऐतिहासिक तौर पर बहुत पुराना जिला है, हमें इसकी विरासत को संरक्षित करके रखना होगा। शहर की सिंगरी नदी अतिक्रमण से मुक्त हो, नगर स्वच्छ व सुंदर हो। वाहनों की पार्किंग की बेहतर व्यवस्था हो। इन्हीं कल्पनाओं को मूर्त रूप देने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा, तभी नरसिंहपुर आदर्श शहर के रूप में अपनी पहचान बना पायेगा। सुशासन की दिशा में सभी पार्षदगण और अधिकारी व कर्मचारी रूपरेखा बनाकर कार्य करें।

## स्टाम्प पेपर पर कम टिकिट लगाना गैर कानूनी

जबलपुर,(आरएनएस)। स्टाम्प पेपरों में कई नोटरियों की ओर से कम टिकिट लगाकर उनका सत्यापन कर गेर कानूनी काम किया जा रहा है। जिसकी शिकायत मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के पास भी पहुंची है। एसीबी के वाइस चेयरमैन ने कहा कि उक्त करह का कृत्य गैर कानूनी है, जिस पर ऐसा कृत्य करने वलो नोटरियों के खिलाफकार्रवाई की मांग को लेकर गृह विभाग में विधि विभाग को पत्र भेजा जा रहा है, जिससे उनके लाइसेंस निरस्त हो सकें। एसबीसी वाइस चेयरमैन सैनी ने बताया कि अक्सर देखा जा रहा है कि अधिकांश नोटरी स्टाम्प पेपर पर दस रुपये की नोटरी टिकट लगाकर सत्यापन कर रहे हैं। जबकि 50 रुपये का टिकट लगाना अति आवश्यक है। सैनी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवकता परिषद द्वारा नामांकन करते समय नामांकन फॉर्म में शपथ पत्र के ऊपर केवल दस रुपये के नोटरी टिकिट लगाकर उनका सत्यापन नोटरी द्वारा किया जा रहा है, जिस कारणवश मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा ऐसे नामांकन फॉर्मों को रोका जा रहा है। जिसमें आवेदक क द्वारा शपथ पत्र पर कम नोटरी टिकट लगवाकर शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

## सीबीआई जांच में कमियां पाए जाने वाले नर्सिंग कॉलेजों को राहत नहीं

जबलपुर (आरएनएस)। सीबीआई जांच में प्रदेश के जिन नर्सिंग कॉलेजों में कमियां पाई गई हैं, उन्हें हाईकोर्ट द्वाराग ठित् कमेटी को संतुष्अ करने स्वतंत्र कर दिया गया है। हाईकोर्ट जस्टिस एसएस धर्माधिकारी व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसा किए जाने पर ही इन नर्सिंग कॉलेजों को काउंसलिंग प्र्क्रिया में सम्मिलित होने की राहत मिल पाएगी। इसके साथ ही युगलपीठ ने कमेटी को निर्देश दिया है कि जो नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में रेखांकित हुई कमियों को पूरा करने का प्रमाण प्रस्तुत करें, उन्हें उपयुक्त श्रेणी में रखकर मान्य करते हुए काउंसलिंग में सम्मिलि किया जाए। दरअसल, बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज घोटाले में घिरे नर्सिंग कालेजों की ओर से यह मामले हाईकोर्ट में दायर किए गए हैं। उनका दावा है कि सीबीआई जांच में पाई गई कमियों को दूर कर दिया गया है। इसके बावजूद सत्र 2024-25 की मान्यता प्रदान नहीं की गई है।

## पेयजल व सीवरेज संबंधी जनहित याचिका अंकित सुनवाई के लिए नियत

इंदौर,(आरएनएस)। पेयजल और सीवरेज सिस्टम को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के लिए नियत कर दिया है। सुनवाई में याचिकाकर्ता ने तर्क रखा कि निगम ने बिंदुवार जवाब नहीं दिया है। शासन का जवाब अब तक आया ही नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि याचिका अंतिम सुनवाई के लिए नियत कर रहे हैं। अंकित सुनवाई में इन सभी बिंदुओं को सुनेंगे। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोडवानी ने दायर की है। याचिका में कहा है कि करोड़ों खर्च किए लेकिन हालत यह हैं कि अल्प वर्षा में ही शहर तालाब बन जाता है। आरोप है कि शासन ने योजनाओं में पानी की खपत ओर सीवरेज का आकलन ही गलत किया था। इसमें कहा था कि योजनाओं की वजह से इंदोर शहर में नंबर वन है। जो योजनाएं हैं उन्हीं को चुनौती दी है, यह सही नहीं है।

## भिंड कलेक्टर न्यायालय ने ऑडिट के आदेश दिए

भिंड,(आरएनएस)। श्री ब्रम्हेश्वर महादेव सेवान्यास ट्रस्ट द्वारा कई वर्षो से अपनी संपत्तियों का अनुचित तरीके से उपयोग करने ओर आय छुपाने के आरोप सामने आए हैं। ट्रस्ट ने अपनी जमीन और धर्मशाला से अर्जित आय को रजिस्टर नहीं किया, जिसके चलते भिंड कलेक्टर न्यायालय ने इस मामले की जांच कराने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने ग्वालियर में सीए अशोक विजयवर्गीय को ट्रस्ट की संपत्तियों का ऑडिट करने के निर्देश दिया है, ताकि ट्रस्ट पर किसी भी प्रकार की वित्तीय देनदारी की स्थिति का पता लगाया जा सके। श्री ब्रम्हेश्वर महादेव सेवान्यास ट्रस्ट द्वारा अपनी संपत्तियों को नियमों के विपरीत लीज पर दिया था। ट्रस्ट ने सात साल से अधिक समय तक अपनी जमीन को अवैध तरीके से लीज पर दे रखा था। इस पर ट्रस्ट के खिलाफ आरोप लगाया कि उसने संपत्तियों से होने वाली आय को सही तरीके रजिस्टर नहीं किया और आय छुपाई। साथ ही, मौजा बक्शीपुरा में ट्रस्ट की जमीन स चार लाख ररुपए की आय हो रही थी, जबकि धर्मशाला से एक लाख 25 हजार रुपए की आय हो रही थी। ट्रस्ट द्वारा इन सभी आय को रजिस्टर नहीं किया ओर इस प्रकार की आय की जानकारी को छुपाया गया। इस प्रकार के कार्यों से ट्रस्ट की वित्तीय स्थिति को लेकर सवाल उठन लगे थे। इतना ही नहीं, ट्रस्ट ने तीन साल से अधिक समय से 18 दुकानों को मात्र 200 रुपये कके किरराए पर दिया था।

## प्रतिबंधित चायनीज मांझा मिलने पर दुकानदार के खिलाफ कराई एफआईआर

**संयुक्त दल ने उप नगर ग्वालियर के विभिन्न बाजारों की दुकानों का किया औचक निरीक्षण**



ग्वालियर(आरएनएस)। जिले में मानव जीवन के लिये हानिकारक नाइलॉन, चीनी और कपास के साथ लोपित कर चायनीज मांझा के निर्माण, भण्डारण व विक्रय पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इस आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश सभी एसडीएम, पुलिस व नगर निगम के अधिकारियों को दिए हैं। इस कड़ी में एसडीएम ग्वालियर सिटी अतुल सिंह के नेतृत्व में गई राजस्व, पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम ने उपनगर ग्वालियर के विभिन्न बाजारों में पतंग व मांझे की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक दुकान पर प्रतिबंधित मांझा पाए जाने पर दुकान मालिक के खिलाफ पुलिस थाना ग्वालियर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसडीएम अतुल सिंह ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान उप नगर ग्वालियर में लोहामंडी रोड़ पर स्थित बंटी उर्फ हरप्रसाद की पतंग दुकान पर प्रतिबंधित मांझा पाया गया। इस दुकान पर चार बंडल बड़े व सात लच्छी मांझा बेचने के लिये रखे हुए मिले। जाँच में पता चला कि इन बंडल पर अंग्रेजी में "नॉट यूज काईट फ्लाइंग" स्पष्टतः लिखा था। इसके बाबजूद दुकानदार द्वारा यह प्रतिबंधित मांझा बेचने के लिये रखा गया था। इस प्रकार दुकानदार द्वारा जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश का स्पष्ट उल्लंघन किया जा रहा था।

## इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रही यातायात सुधार की मुहिम

**शहर के अनेक प्रमुख मार्गों से यातायात में बाधक दुकानों के शेड, अतिक्रमण, ओटले और अन्य बाधाएं हटाई गईं- फुटपाथ पर रखे सामान भी किए गए जप्त**

इन्दौर (आरएनएस)। कलेक्टर आशीष सिंह एवं नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर आज शुक्रवार को भी सघन रूप से इंदौर शहर में यातायात को सुगम बनाने जगह-जगह मुहिम चलाकर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस आदि के सहयोग से की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में यातायात में बाधक दुकानों के शेड, अतिक्रमण, ओटले और अन्य बाधाएं हटाई गई। फुटपाथ पर रखे सामान भी बड़ी मात्रा में जप्त किए गए। साथ ही तीन दुकाने भी सील की गई। उक्त कार्रवाई अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया एवं अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। आज झोन क्रमांक 16 के अन्तर्गत कालानी नगर मेन रोड पर कुल 110 दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।



# व्यापार समाचार

# संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली(ए.)। हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2025 रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। ये मुख्य रूप से निजी खपत और निवेश पर आधारित है।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख आर्थिक रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सेवाओं और कुछ विनिर्मित वस्तुओं में भारत की मजबूत निर्यात वृद्धि से आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा।

दूसरी ओर, चीनी अर्थव्यवस्था में घरेलू खपत में कमी, संपत्ति क्षेत्र में कमजोरी और बढ़ते व्यापार तनाव के बीच धीरे-धीरे नरमी की प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि 2024 में 4.9 प्रतिशत का अनुमान लगाया गया था।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2025 में वैश्विक वृद्धि 2.8 प्रतिशत पर रहेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कई अर्थव्यवस्थाओं में कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक सहजता 2025 में वैश्विक आर्थिक गतिविधि को मामूली बढ़ावा दे सकती है।

हालांकि, अनिश्चितता अभी भी बड़ी है, जिसमें भू-राजनीतिक संघर्षों, बढ़ते व्यापार तनाव और दुनिया के कई हिस्सों में उधार लेने की बढ़ी हुई लागत से जोखिम है।




ये चुनौतियां विशेष रूप से कम आय वाले और कमजोर देशों के लिए गंभीर हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा, देश इन खतरों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। हमारी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्था में, दुनिया के एक तरफ के झटके दूसरी तरफ कीमतों को बढ़ाते हैं। हर देश प्रभावित है और उसे समाधान का हिस्सा बनना चाहिए ङ्क प्रगति को आगे बढ़ाना चाहिए।

हमने एक रास्ता तय कर लिया है। अब इसे पूरा करने का समय आ गया है। आइए हम सब मिलकर 2025 को ऐसा साल बनाएं जब हम दुनिया को सभी के लिए समृद्ध भविष्य की राह पर ले जाएं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पूर्वी और दक्षिण एशिया में बढ़ते नकारात्मक जोखिम हैं जो आर्थिक संभावनाओं को प्रभावित कर सकते हैं। प्रमुख जोखिमों और चुनौतियों में भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विवाद और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव शामिल है, जो मुद्रास्फीति के दबाव को फिर से बढ़ा सकता है और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।इसके अलावा, चीन के संपत्ति बाजार में लंबे समय से जारी कमजोरी और कई दक्षिण एशियाई देशों में सार्वजनिक और बाहरी ऋ्रण के उच्च स्तर आर्थिक स्थिरता को और भी अधिक प्रभावित कर सकते हैं।इन जोखिमों और चुनौतियों के जवाब में, पूर्वी और दक्षिण एशिया की सरकारों ने अनुकूलित नीतियां लागू की हैं।मुद्रास्फीति में कमी ने क्षेत्र के कई केंद्रीय बैंकों को 2024 में ब्याज दरों को कम करने के लिए प्रेरित किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजकोषीय फ्रंट पर, क्षेत्र के देश राजकोषीय स्थान को दोबारा पाने और रणनीतिक सार्वजनिक व्यय और सुधारों के माध्यम से आर्थिक गतिविधि को सपोर्ट करने पर ध्यान दे रहे हैं।

## एसआईपी इनफ्लो दिसंबर में पहली बार 26,000 करोड़ रुपये के पारः एम्फी

नई दिल्ली (ए) एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) निवेश दिसंबर में पहली बार 26,000 करोड़ रुपये के पार निकल गया है, जो दिखाता है कि छोटे निवेशकों का लंबी अवधि के निवेश के लिए म्यूचुअल फंड पर भरोसा बना हुआ है।दिसंबर में एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड्स में होने वाला निवेश बढ़कर 26,459 करोड़ रुपये हो गया है। नवंबर में यह 25,320 करोड़ रुपये पर था।एसआईपी के साथ म्यूचुअल फंड (एमएफ) फोलियो की संख्या भी दिसंबर में बढ़कर 22.50 करोड़ हो गई है, जो कि पिछले महीने 22.02 करोड़ पर थी।रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल भारत में एसआईपी निवेश में सालाना आधार पर 233 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हुई है। इसकी वजह भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है, जिसके कारण शेयर बाजार में लगातार तेजी देखी जा रही है।क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए एनालिटिक्स के अश्विनी कुमार के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचनात्मक वृद्धि की कहानी बरकरार है और भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक ब्राइट स्पॉट बना हुआ है। इस कारण आने वाले वर्षों में घरेलू म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में कई गुना वृद्धि होने की उम्मीद है।एसआईपी में उछाल ऐसे समय में आया है जब पिछले महीने इक्विटी बाजार का प्रदर्शन धीमा रहा। दिसंबर में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में 2.08 प्रतिशत और 2.02 प्रतिशत की गिरावट हुई थी।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में रिकॉर्ड 42,76,207 निवेशक भारतीय शेयर बाजार के साथ जुड़े थे। इस साल जुलाई-सितंबर की अवधि में, कुल 1,60,06,447 (1.6 करोड़ से अधिक) लोग शेयर बाजार में शामिल हुए। इस कारण भारत के इक्विटी बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए थे।स्टॉक एक्सचेंज ने यह भी बताया कि इस साल 23 दिसंबर तक पंजीकृत निवेशकों की कुल संख्या 21.02 करोड़ से अधिक थी।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो दिसंबर में 14 प्रतिशत बढ़कर 41,156 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली (ए.) । भारत में इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो दिसंबर में 14 प्रतिशत बढ़कर 41,155.9 करोड़ रुपये हो गया है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया (एम्फी) द्वारा गुरुवार को जारी डेटा से मिली। इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो में वृद्धि थीमेटिक/सेक्टोरल और स्मॉल-कैप फंडों में अधिक निवेश के कारण हुई है।दिसंबर में स्मॉल-कैप फंडों में 4,667.7 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने यह आंकड़ा 4,111.8 करोड़ रुपये था।

एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, मिड-कैप कैटेगरी में दिसंबर में 5,093.2 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि पिछले महीने यह 4,883.4 करोड़ रुपये था।दिसंबर में सेक्टोरल और थीमैटिक कैटेगरी में 15,331.5 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इस अतिरिक्त फ्लेक्सी-कैप फंडों में 4,730.7 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। वहीं, मल्टी-कैप फंडों में 5,084.1 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।पिछले महीने नए फंड ऑफर (एनएफओ) में 13,643 करोड़ रुपये का निवेश आया था। पैसिव फंड कैटेगरी में सबसे ज्यादा नए एनएफओ लॉन्च हुए थे।इसके अलावा दिसंबर में म्यूचुअल फंड्स फोलियो की संख्या बढ़कर करीब 22.50 करोड़ हो गई है, जो कि नवंबर में 22.02 करोड़ थी। भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में पिछले दशक में मजबूत वृद्धि देखी गई है। यह नवंबर 2014 के स्तर 10.9 लाख करोड़ रुपये से 524 प्रतिशत बढ़कर नवंबर 2024 में 68.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

बीते चार वर्षों में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम 37 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है। 2023 में एयूएम 11 लाख करोड़ रुपये, 2022 में 2.65 लाख करोड़ रुपये और 2021 में 7 लाख करोड़ रुपये बढ़ा था।

## बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 2024 में 15,721 यूनिट बिक्री के साथ दिखाया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नई दिल्ली ( ए.) । लग्जरी कार निर्माता बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया द्वारा हाल ही में दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी ने पिछले साल 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ 15,721 यूनिट बिक्री कर अपनी सर्वश्रेष्ठ वार्षिक कार डिलीवरी हासिल की है।



बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अब तक 3,000 ईवी डिलीवरी को भी पार कर लिया है। कंपनी ने भारत में इस नंबर के साथ एक मील का पत्थर पार कर लिया है। इसी के साथ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया 3,000 ईवी डिलीवरी तक पहुंचने वाली भारत की पहली लग्जरी कार निर्माता कंपनी भी बन गई है।कंपनी ने जनवरी-दिसंबर 2024 के बीच 15,721 कारें (बीएमडब्ल्यू और मिनी) और 8,301 मोटरसाइकिलें (बीएमडब्ल्यू मोटरराड) डिलिवर कीं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि बीएमडब्ल्यू ने 15,012 यूनिट और मिनी ने 709 यूनिट की बिक्री की।पिछले साल अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में ऑटोमेकर ने 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करवाते हुए कुल 4,958 यूनिट की बिक्री की। अकेले दिसंबर में कंपनी ने कुल 2,244 यूनिट के साथ सबसे अधिक यूनिट की बिक्री की।बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ विक्रम पावाह ने कहा, भारत में अब तक की सबसे अधिक कार बिक्री दर्ज करते हुए, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 15,000 कारों का मील का पत्थर भी पार कर लिया है। हमारे पास लग्जरी कार सेगमेंट में सबसे मजबूत उत्पाद था। इसके अलावा, रिटेल डॉट नेक्स्ट जैसी नई पहलों की शुरुआत और हमारे ग्राहकों के लिए बीस्पोक एक्सपीरियंस (अपने अनुभवों के बारे में ग्राहकों की राय) और सर्विस का विस्तार भी इस सफलता की वजह बना।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के बीच ही आईटी स्टॉक्स में तेजी के बाद भी बिकवाली हावी होने से बाजार नीचे आया है। कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों के कमजोर रहने की आशंका और अमेरिकी ब्याज दरों में कम बार कटौती की बढ़ती संभावनाओं से भी बाजार में घबराहट का माहौल था। इससे भी निवेशकों ने जमकर शेयर बेचे।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 241.30 अंक करीब 0.31फीसदी की गिरावट के साथ ही 77,378.91 पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में निफ्टी 95 अंक तकरीबन 0.4 फीसदी नीचे आकर 23,431 पर बंद हुआ।

इस सप्ताह दोनों सूचकांक लगभग 2.4 फीसदी गिरे। इससे दो सप्ताह की वृद्धि का सिलसिला टूट गया। सेंसेक्स के लिए यह हफ्ता अच्छा नहीं रहा और बेंचमार्क इंडेक्स 1845 गिर गया। वहीं पिछले सप्ताह सेंसेक्स 79,223 के स्तर पर बंद हुआ था जबकि इस सप्ताह यह 77,379 पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 573 अंक गिरकर बंद हुआ। पिछले सप्ताह निफ़्टी 24,004 के स्तर पर बंद हुआ था। जबकि इस हफ्ते यह 23,432 पर बंद हुआ, जो 573 अंक की गिरावट दिखाता है।

बाजार के 13 प्रमुख सेक्टर्स में से 12 में साप्ताहिक आधार पर गिरावट दर्ज की गई। स्मॉलकैप और मिडकैप में 7.3 फीसदी और 5.8 फीसदी की गिरावट आई।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस) के शेयर बीएसई पर इंट्रा डे कारोबार में 6 फीसदी से ज्यादा ऊपर आये। कारोबार के अंत में यह 228.90 रुपये या 5.67 फीसदी उछलकर 4265.55 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह दो दिन से जारी गिरावट के सिलसिले को तोड़ते हुए बाजार बढ़त पर खुले। हालांकि, बाजार ज्यादा देर तक बढ़त में नहीं रह सके और लाल निशान में फिसल गए। टीसीएस के शेयरों में उछाल के बावजूद बाजार गिरावट में चला गया। ऐसा इसलिए क्योंकि अन्य कंपनियों के तिमाही नतीजों को लेकर अभी भी घबराहट बनी हुई थी। वही निफ्टी भी निफ्टी भी 86.8 अंक नीचे 23,602.15 पर खुला ।

## दिल्ली हवाई अड्डे का टी2 अगले वित्तीय वर्ष में चार से छह महीने के लिए रहेगा बंद, बदलेगी सूरत

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हवाई अड्डा के संचालक डायल (दिल्ली इंटरनेशन एयरपोर्ट लिमिटेड) ने शुक्रवार को कहा कि चार दशक पुराना टर्मिनल 2 (टी2) नवीनीकरण कार्यों के लिए अगले वित्त वर्ष में चार से छह महीने तक बंद रहेगा। इसके पुनरोद्धार का कार्य सितंबर तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए), देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा भी है।

इसके तीन टर्मिनल हैं- टी1, टी2 और टी3। वर्तमान में, टी1 और टी2 का उपयोग केवल घरेलू उड़ानों के लिए किया जाता है। दिल्ली अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टी2 का नवीनीकरण कार्य 2025-26 में शुरू होगा और वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## लोगों को प्यासा रखना नैतिक अपराध

पचपन साल पहले केन-बेतवा परियोजना की परिकल्पना की गई थी। मगर आज भी बुंदेलखंड के लोग पानी किल्लत झेल रहे हैं। अभी कई और वर्ष उन्हें इंतजार करना होगा। क्या इतनी लेटलतीफी किसी ऐसे देश में हो सकती है, जो विकसित हुआ हो? केन-बेतवा परियोजना इसकी मिसाल है कि विकास के पैमानों पर भारत क्यों अपनी संभावनाओं को हासिल नहीं कर पाया। ध्यान दीजिए- परियोजना की परिकल्पना सबसे 1970 में की गई, जब मशहूर इंजीनियर एवं तत्कालीन सिंचाई मंत्री डॉ. केएल राव ने पानी की किल्लत वाले इलाकों में पानी पहुंचाने के मकसद से इन दोनों नदियों को जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया। सिंचाई मंत्रालय को इसकी योजना तैयार करने में दस साल लग गए। 1980 में तैयार योजना के प्रारूप पर संभाव्यता अध्ययन 1995 में शुरू हुआ।1999 में संबंधित राज्यों उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बीच सहमति बनाने के लिए समिति बनी। 2008 में जाकर संबंधित योजना केंद्र ने बनाई। 2010 में परियोजना के प्रथम चरण की संभाव्यता अध्ययन रिपोर्ट तैयार हुई। 2014 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परियोजना को मंजूरी दी। 2021 में यूपी और मप्र ने केंद्र को अपनी सहमति दी। 2023 में इसे वन मंत्रालय की मंजूरी मिली। और 2024 के आखिर में जाकर इस पर अमल की शुरुआत की गई है। फिलहाल, बताया गया है कि इस पर 44,605 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पुराने अनुभवों के आधार पर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि काम पूरा होते-होते ये खर्च काफी बढ़ चुका होगा। इस बीच बुंदेलखंड के लोग पानी किल्लत झेलते रहे हैं तथा अभी कई और वर्षों तक उन्हें इसके लाभ का इंतजार करना होगा। क्या इतनी लेटलतीफी का कल्पना किसी ऐसे देश में की जा सकती है, जो विकसित हुआ हो या वास्तविक विकास की मार्ग पर आगे बढ़ रहा हो? आज फैशन भारत और चीन की विकास यात्राओं के बीच तुलना करने का है। ये अक्सर पूछा जाता है कि हम क्यों पीछे रह गए? इसका एक नायाब जवाब केन-बेतवा परियोजना है। बहरहाल, अब इस पर काम शुरू हुआ है, तो इसे फुर्ती से और समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाना चाहिए। बीच में पर्यावरण संबंधी कोई मुद्दा हो, जैसाकि कांग्रेस की तरफ उठाया गया है, तो उसे आधुनिक वैज्ञानिक विधियों से हल किया जाना चाहिए। लेकिन पर्यावरण की अभिजात्यवादी धारणों से बंध कर बुंदेलखंड के लोगों को प्यासा रखना एक किस्म का नैतिक अपराध होगा।

# भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना

**प्रह्लाद सबनानी**

**भारत में आर्थिक प्रगति की दर लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अन्य देशों की तुलना में द्रुत गति से बढ़ रही है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत का वैश्विक व्यापार द्रुत गति से बढ़ रहा है। कुल मिलाकर भारत अर्थ के क्षेत्र में विश्व में चमकते सितारे के रूप उभर रहा है। लगातार तेज आर्थिक प्रगति का प्रभाव अब भारत में नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी दिखाई देने लगा है।**




हाल में अमेरिका में जारी यूबीएस बिल्यनेर एंबिशन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिलिनायर (अतिधनाढ्यों) की संख्या 185 तक पहुंच गई है और भारत विश्व में बिलिनायर की संख्या की दृष्टि से तीसरे स्थान पर आ गया है। बिलिनायर अर्थात वह नागरिक जिसकी संपत्ति 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई है (यानी भारतीय मुद्रा में 8,400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति)। पहले स्थान पर अमेरिका (835 बिलिनायर) है और दूसरे स्थान पर चीन (427 बिलिनायर) है।

पूरे विश्व में आज बिलिनायर की संख्या 2682 तक पहुंच गई है जबकि 2015 में यह संख्या 1757 थी। पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में बिलिनायर की संपत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई जबकि अमेरिका में बिलिनायर की संपत्ति 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। पूरे विश्व में बिलिनायर की संपत्ति बढ़ कर 14 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। इस रिपोर्ट यह संभावना भी जताई गई है कि आने वाले 10 वर्षों में भारत में बिलिनायर की संख्या में और तेज गति से वृद्धि होगी। भारत में 108 से अधिक पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न परिवार भी हैं, जो अपने व्यवसाय को भारतीय पारिवारिक परंपरा के अनुसार बढ़ा रहे हैं, और भारत में बिलिनायर की संख्या में वृद्धि और भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

भारतीय बिलिनायर की संख्या भारत में ही नहीं बढ़ रही है, बल्कि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय भी बिलिनायर की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं और अपनी आय के कुछ हिस्से को भारत में भेज कर यहां निवेश कर रहे हैं, और इस प्रकार अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को द्रुत गति से बढ़ाने में भारतीय मूल के नागरिकों का महती योगदान रहता है। इस समय भारतीय मूल के एक करोड़ 80 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न देशों में रह रहे हैं, और हर साल अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत में जमा के रूप से भेजते हैं।

हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी एक रिपोर्ट बताया गया है कि 2024 में 12,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि अन्य देशों में रह रहे भारतीयों ने भारत में भेजी है। भारत पिछले कई वर्षो से इस दृष्टि पूरे विश्व में पहले स्थान पर कायम है। 2021 में 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2022 में 11,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2023 में 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई थी। प्रति वर्ष भारत में भेजी जाने वाली राशि की तुलना यदि अन्य देशों में भेजी जा रही राशि से करें तो ध्यान में आता है कि 2024 में मेक्सिको में 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई थी, जिसे पूरे विश्व में इस दृष्टि से दूसरे स्थान प्राप्त हुआ है। मेक्सिको में भेजी गई राशि भारत में भेजी गई राशि की तुलना में लगभग आधी है। भारतीय नागरिकों द्वारा अन्य देशों से भेजी जा रही राशि में उत्तरी अमेरिका, यूरोप, खाड़ी के देशों और एशिया के कुछ देशों यथा मलयेशिया और सिंगापुर का प्रमुख योगदान है। जैसा कि विदित है कि हर साल भारत से लाखों युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दृष्टि से विकसित देशों की ओर जाते हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत भारतीय युवा इन देशों में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं, और अपनी बचत राशि का बड़ा भाग भारत में भेज देते हैं। भारत के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के संग्रहण में यह राशि बड़ी भूमिका निभा रही है। 2024 में पूरे विश्व में 68,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि विभिन्न देशों के नागरिकों द्वारा अपने-अपने देशों को भेजी गई। यह राशि 2023 में भेजी गई राशि से 5.8 प्रतिशत अधिक है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों में निवास कर रहे नागरिकों द्वारा भेजी गई राशि में से 20 प्रतिशत से अधिक की अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीयों द्वारा ही अकेले भारत में भेजी गई। इस प्रकार, भारतीय मूल के नागरिकों की संपत्ति न केवल भारत, बल्कि अन्य देशों में भी बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है।



*10वें तमिलनाडु अंतर्राष्ट्रीय गुब्बारा महोत्सव 2025 में उड़ान भरने के लिए गर्म हवा के गुब्बारे तैयार किए जा रहे हैं, जिसमें 20 से अधिक देशों के रंग-बिरंगे गुब्बारे शामिल होंगे।*

# टेक्नोलॉजी के विपरीत क्या फैसला देना उचित

**मनोज चतुर्वेदी**

मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर खेले गए भारत- ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट में आखिरी दिन भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को जिस तरह से आउट दिया गया, उसने एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या टेक्नोलॉजी के विपरीत फैसला देना उचित है।

इस विवादास्पद फैसले का परिणाम पर क्या असर हुआ, यह अलग मसला है। हालांकि यशस्वी जिस समय आउट दिए गए, वह 84 रन पर खेल रहे थे और वह भारत को ड्रा की तरफ ले जाते नजर आ रहे थे। बहुत संभव है कि यह आउट नहीं दिया जाता तो मैच का परिणाम ड्रा रहता।

यशस्वी और ऋषभ पंत के खेलते समय भारत अच्छी स्थिति में नजर आने लगा था और ऑस्ट्रेलिया विकेट की जरूरत महसूस कर रहा था। इसी दौरान पैट कमिंस की लेग साइड पर ऊपर आती गेंद पर यशस्वी ने पुल करने का प्रयास किया और गेंद विकेटकीपर कैरी के ग्लब्स में चली गई। इस पर की गई अपील को अंपायर जोएल विल्सन के नकारे जाने पर पैट कमिंस ने डीआरएस लिया। स्लो मोशन में थर्ड अंपायर शरफुद्दौला को दिखा कि गेंद की ग्लब्स या बल्ले से लग कर दिशा बदली है। पर जब उन्होंने स्निको मीटर को देखा तो उसमें कोई हलचल नहीं दिखी। शरफुद्दौला ने गेंद की दिशा बदलने की वजह से आउट देने का फैसला किया जो विवादास्पद बन गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कमेंट्री करते समय इस फैसले पर नाखुशी जाहिर की। उनका कहना था कि जब आप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं तो उसके हिसाब से ही फैसला करना चाहिए था यानी जब स्निको मीटर में कोई हलचल नहीं हुई तो यशस्वी को नॉट आउट दिया जाना चाहिए था क्योंकि मैदानी अंपायर ने उन्हें नॉट आउट दिया था। वैसे भी नियमों के मुताबिक थर्ड अंपायर मजबूत साक्ष्य होने पर ही मैदानी अंपायर के फैसले को बदलता है और यहां स्पष्ट साक्ष्य नहीं था। वैसे भी कई बार गेंद देर तक स्विंग करती है, जिससे कई बार उसके बल्ले से लगने का भ्रम हो जाता है और इस मामले में भी कुछ ऐसी ही स्थिति थी। गेंद बल्ले या ग्लब्स से लगती तो स्निकोमीटर में कोई न कोई हलचल जरूर होती।वहीं रवि शास्त्री ने तो कहा कि इस सीरीज में अंपायर ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज की भूमिका निभा रहे हैं। इस सीरीज के पर्थ टेस्ट में केएल राहुल के कैच नहीं दिए जाने के समय साफ दिख रहा था कि गेंद उनके बल्ले से लगी है, पर स्निको मीटर में हलचल नहीं दिखने की वजह से उन्हें कैच नहीं दिया गया था, इसलिए तकनीक को लेकर एकरूपता होनी चाहिए। अब सवाल है कि जब अंपायर स्निको मीटर को वरीयता दे रहे हैं तो उन्हें इस मसले पर भी यही नियम अपनाना चाहिए था। पिछले एक-दो दशक से फैसलों को त्रुटिहीन बनाने के उद्देश्य से ही आईसीसी तनकीक के इस्तेमाल पर जोर दे रहा है पर जब तकनीक का सही इस्तमेल नहीं होगा तो खिलाड़ियों का इस पर से भरोसा उठ सकता है। अंपायर्स कॉल का काफी समय से विरोध होता रहा है। इसमें किसी फैसले को लेकर अंपायर क्या सोचता है, इसका खिलाड़ियों को कई बार नुकसान और कई बार फायदा होता है। इस नियम के हिसाब से यदि अंपायर ने किसी बल्लेबाज को एलबीडब्लयू दे दिया है और डीआरएस लेने पर गेंद विकेट से छू गई है तो वह आउट हो जाएगा। दूसरी तरफ अंपायर ने आउट नहीं दिया है तो गेंद के विकेट को छू लेने भर से वह आउट हो जाएगा, इसलिए बेहतर हो कि गेंद विकेट को छू भर ले तो आउट दिया जाए, ऐसी तकनीक विकसित करके फैसलों को त्रुटिहीन बनाया। यशस्वी तीसरे अंपायर के फैसले से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए फैसला आने पर मैदान छोडने से पहले वह मैदानी अंपायरों से कुछ कहते सुने गए। इस पर मैदान में भारी तादाद मौजूद भारतीय समर्थक बेईमान-बेईमान के नारे बुलंद करते नजर आए। अच्छी बात है कि आज कहीं भी क्रिकेट खेली जाए भारतीय दर्शकों की मौजूदगी रहती ही है। मेलबर्न मैदान पर सर्वाधिक दर्शकों का 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इस टेस्ट को देखने के लिए 373651 दर्शक पहुंचे। इससे पहले 1937 में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टेस्ट को 350534 दर्शकों ने देख कर रिकॉर्ड बनाया था। इससे यह भी साबित होता है कि यदि टेस्ट मैचों में अच्छी क्रिकेट खेली जाए तो वहां भी दर्शकों को टोटा नहीं रहता। यशस्वी के खिलाफ फैसले पर विवाद होने की वजह से तीखी प्रतिक्रियाएं जरूर आ रही हैं।




मेष राशि: आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ जिम्मेदारियां रहेगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। आपका कही फंसा हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई में शिक्षको का सहयोग मिलेगा। किसी मित्र के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी- छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा। संतान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य आज संपन्न हो सकता है, आपको अच्छा लगेगा। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा है, साथ में कहीं घूमने जायेंगे।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रखरखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी योजना बना सकते है। आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियाँ बढ़ेगी। बच्चो के बेहतर करियर के लिए आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। काम में नयी तकनीकों को अपनाने से... काम जल्दी पूरा होगा।

सिंह राशि: आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिस में कार्यों को पूरा करने में आपका ध्यान लगा रहेगा। बॉस आपसे प्रसन्न होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं कारगर साबित होंगी । आज आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कपड़ा व्यापारियों को विशेष रूप से सफलता मिलेगी। आप कुछ लोगों के साथ मिलकर किसी सामाजिक कार्य की रूपरेखा बना सकते हैं ।

कन्या राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न पड़ने दे। आज घर पर मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा। स्टूडेंट्स को आज टीचर द्वारा विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। आज आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे, इस पर माता के साथ विचार विमर्श कर सकते है। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में मदद करेंगे, जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

तुला राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें । आप अपनी पारिवारिक व व्यवसायिक जिम्मेदारियों को बखुबी अंजाम देंगे। आज आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी । विद्यार्थियों का अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगा रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका को प्रशासनिक कार्य पूरा हो जायेगा। आज नये बिजनेस की प्लानिंग करेंगे, जिसमे आपको ज्यादा लाभ मिलने वाला है।

धनु राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है। किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी। आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। आज घर में नन्हे मेहमान के आने की सम्भावना बन रही है। परिवार में किसी से चल रही अनबन आज समाप्त होगी और उसके प्रति प्रेम बढ़ेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं से आज कुछ राहत मिलेगी । व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का अच्छा परिणाम सामने आएंगे । आज समाज में आपकी छवि निखरेगी। अगर आप जीवनसाथी के साथ रिश्तों में संतुलन बना कर चलेंगे, तो आपके रिश्ते मज़बूत होंगे। माता जी के स्वास्थ्य में आज पहले से बेहतर सुधार आयेगा।

कुंभ राशि: आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, परंतु साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी। आपकी शिक्षा अथवा करियर से संबंधित समस्यायें दूर होंगी। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन खुशखबरी मिल सकती है। आपको माता- पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप आज टेक्नीकल वर्क सीख सकते है, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसन्द जगह पर ट्रान्सफर होने की सम्भावना बन रही है। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। इस राशि के लेखकों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी कविता या कहानी के लिये सम्मानित किया जायेगा।

# भारत के उत्थान की प्रेरणा है राष्ट्र मंदिर

**हितानंद शर्मा /**

**( श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर विशेष )**

अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय वह अभिजीत मुहूर्त, जब प्राण-प्रतिष्ठा कर रामलला के नेत्रों से पट्टिका हटाई गई तब पूरे विश्व में सनातन संस्कृति के उपासकों के नेत्रों में श्रद्धा, आस्था, आनंद और प्रतीक्षा के आँसू थे। पौष शुक्ल द्वादशी, 22 जनवरी 2024 केवल अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव का दिवस नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की दृष्टि और विचारों के परिवर्तन की उपलब्धि का दिन है। पीढ़ियों की तपस्या, त्याग, बलिदान और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या ने इस शुभ घड़ी का स्वागत किया था।

भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से आनंदित, उत्साहित यह वही अयोध्या है जिसके परिचय में अथर्व वेद में उल्लेख आता है कि -

अष्ट चक्रा नव द्वारा देवाना पू अयोध्या।
तस्या हिरण्यमय- कोश स्वर्गो ज्योतिषावृत।।

अयोध्या, जिसका अर्थ ही है जो अजेय, अपराजित है। सहस्त्रों वर्षो तक अयोध्या अपने स्वर्णिम इतिहास के लिए जानी जाती रही। वही अयोध्या जहाँ हिन्दू समाज के आराध्य श्रीराम जी का जन्म सकल लोक के मंगल हेतु हुआ। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी अयोध्या का वर्णन कुछ इस प्रकार करते हैं-

विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार।
निज इच्छा निर्मित प्रभु माया गुन गो पार।।

हिन्दू समाज की आस्था के केंद्र, समरसता, नैतिकता व कर्तव्यपालन का बोध कराने वाले श्रीराममंदिर का कालांतर में विध्वंस कर मुगल आक्रांताओं द्वारा गुलामी के प्रतीक के रूप में बाबरी मस्जिद बना दी गई। इसके बाद 1528 से ही आरंभ हुए श्रीराममंदिर आंदोलन का 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय पर विराम हुआ। 5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन के साथ करोड़ों लोगों ने अपनी भावनाओं ने विविध प्रकार से अभिव्यक्ति की। यह एक ऐसा आंदोलन रहा जिसमें साधु-संतों ने युद्ध भी किया और वे आध्यात्मिक जागरण के केंद्र भी बने। बैरागी अभिराम दास (योद्धा साधु), राममंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष महंत रामचन्द्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ व देवरहा बाबा ने संपूर्ण आंदोलन को एक दिशा प्रदान की। कोठारी बन्धुओं के बलिदान को हिन्दू समाज भला कैसे विस्मृत कर सकता है? विष्णु डालमिया, अशोक सिंहल वे तेजपुंज हैं, जिन्होंने सनातन ऊर्जा को संग्रहीत कर



इस पवित्र कार्य से जोड़ा।मंदिर आंदोलन के मूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित ही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने पूरे आंदोलन में जनजागरण करते हुए आस्था के उच्चतम प्रतिमानों को विश्वव्यापी स्वरूप दिया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विचार परिवार के सभी संगठनों ने अपनी पूर्ण सामर्थ्य के साथ तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहब देवरस की मंशा के अनुरूप धैर्यपूर्वक योजनाबद्ध आंदोलन किए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में देशव्यापी रथयात्रा ने पूरे भारत में वातावरण का निर्माण किया तो असंख्य कारसेवकों के बलिदान ने राम राष्ट्र के इस यज्ञ में समिधा का कार्य किया। मंदिर आंदोलन के इतिहास में अनेक बलिदानियों के रक्त व उनके परिजनों के त्याग का बिंदु समाहित है। राममंदिर के प्रति समाज की आस्था इतनी प्रबल रही है कि जब श्रमदान आवश्यक था तब श्रमदान किया। वहीं राष्ट्रमंदिर को भव्यता और दिव्यता देने के लिए निधि समर्पण अभियान में जाति, वर्ग, दल, समूह के सभी बंधनों को ध्वस्त करते हुए जिससे जो बन पड़ा उसने भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पण किया। भारतीय पंचांग के अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी को आज ही के दिन जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को थी, भगवान के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। संपूर्ण भारत की आस्था के केंद्र श्रीराम मन्दिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को बल मिला और देशवासियों में स्वाभिमान का जागरण हुआ। वहीं जो लोग मन्दिर निर्माण का विरोध कर रहे थे उनके सारे अवरोधों का प्रति उत्तर भी इस एक वर्ष में मिला। प्राण-प्रतिष्ठा से आज प्रथम वर्षगांठ तक असंख्य दर्शनार्थियों ने न केवल रामलला के दर्शन किए बल्कि अयोध्या सहित आस-पास के क्षेत्र के आर्थिक तंत्र को मजबूत करने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई है। नागर शैली में निर्मित अलौकिक सुंदरता से परिपूर्ण श्रीराम मंदिर की लंबाई पूर्व से पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट व ऊंचाई 161 फीट है। भव्य तीन मंजिला मंदिर में 392 स्तंभ और 44 द्वार हैं। भूतल में प्रभु श्रीराम का मोहक बाल रूप तो प्रथम तल में श्रीराम दरबार का गर्भगृह है। नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना व कीर्तन मंडप है। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी विराजित हैं। मंदिर के समीप ही पौराणिक काल का सीताकूप रहेगा। 732 मीटर लंबे व 14 मीटर चौड़े चहुंमुखी आयताकार परकोटे के चार कोनों पर भगवान सूर्य, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व देवी अहिल्या के मंदिर प्रस्तावित हैं।यह मात्र एक मंदिर नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। एक स्वाभिमानी राष्ट्र अपने ऐसे ही प्रतीकों से ऊर्जा प्राप्त करता है। राम मंदिर भारत की चेतना का पर्याय है और इसका भी कि राम जन-जन की स्मृति में कितने गहरे रचे-बसे हैं। यह आधुनिक विश्वऔ के इतिहास में पहली बार है, जब किसी समाज ने अपने प्रेरणा पुरुष के जन्मस्थान एवं उनके उपासना स्थल को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से न्यायपूर्वक छुड़ाने में सफलता प्राप्त की। प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव में उमड़ा भावनाओं का ज्वार ऐसे अनेक प्रश्नों का उत्तर दे रहा था कि राम मंदिर का निर्माण क्यों आवश्यक था और हिंदू समाज उसके लिए इतनी व्यग्रता से क्यों प्रतीक्षा कर रहा था? अच्छा होता कि यह प्रतीक्षा स्वतंत्रता के बाद ही पूरी हो जाती, किंतु संकीर्ण राजनीतिक कारणों और कथित सेक्युलरिज्म की विजातीय-विकृत अवधारणा के चलते ऐसा नहीं हो सका। यह विडंबना ही रही कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की हिंदू समाज की सदियों पुरानी स्वाभाविक अभिलाषा की अनदेखी की गई। जिस अयोध्या को अवनी की अमरावती और धरती का बैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशप्त थी, उपेक्षित रही, सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही। अपनी ही भूमि पर सनातन आस्था पद दलित होती रही, किंतु राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है और भारतीय समाज ने संयम बनाए रखा। समय के साथ समाज का संकल्प भी दृढ़ होता गया और आज समस्त सृष्टि अयोध्या के वैभव को निहार रही है।



## सड़क व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता : विज

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि सड़क व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विज ने चंडीगढ़ में अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आयोजित बैठक में केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता मे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं और परिवहन सुधार के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियां हैं, जिनमें ड्राइवरों की अत्यधिक थकान एक बड़ी समस्या है। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़कों के किनारे आरामगृह बनाए जाएं जहां ड्राइवर आराम कर सकें और खाने-पीने की बेहतर सुविधाएं मिलें। हरियाणा टूरिज्म के साथ मिलकर सार्वजनिक परिवहन में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे की तर्ज पर खानपान सेवाओं को सुधारने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्टर्स के साथ हुई बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि उनको निर्देश दिए गए हैं कि गाड़ियों की ओवरलोडिंग रोकें। विज ने सड़कों और राजमार्गों के निर्माण पर कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हरियाणा में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया गया है। नई सड़कों ने राज्य की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाया है, जिससे आर्थिक विकास को गति मिली है। दिल्ली में आगामी चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय पताका फहराकर शंखनाद कर दिया है और हमने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा सारे देश के लिए छोड़ दिया है तथा यह जहां-जहां जाएगा सभी जगह भारतीय जनता पार्टी की विजय होगी। उन्होंने कहा कि यहां के बाद महाराष्ट्र का चुनाव हुआ, वहां पर भारतीय जनता पार्टी की विजय हुई और अब दिल्ली के चुनाव होने जा रहे हैं दिल्ली में भी भाजपा की विजय होगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि यह एक झूठी और धोखेबाज पार्टी है। इस पार्टी के सभी नेता अन्ना हजारे के आंदोलन से निकले है जो भ्रष्टाचार में लिप्त है। उस आंदोलन मे राजनीति पार्टी बनाने का कोई एजेंडा नहीं था। जनता सब कुछ जानती है और इस पार्टी का दिल्ली चुनाव में कोई भविष्य नहीं है।

## कोहरे का कहरः एनएच-9 पर कई गाड़ियां आपस में भिड़ीं, कई घायल

हापुड़ (आरएनएस)। हापुड़ जिले में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग 9 (एनएच-9) पर कई वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 7.30 बजे थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के सिमरौली बॉर्डर के पास काली नदी पुल पर हुआ। मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही एक मारुति ईको अज्ञात वाहन से टकरा गई। इस टक्कर में इमरान पुत्र इकबाल और हीना पत्नी इकबाल घायल हो गए।कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के चलते पीछे से आ रही अन्य गाड़ियां भी एक-दूसरे से टकरा गईं। दुर्घटना में एक पिकअप, एक आर्टिका, एक मारुति वैन और एक स्विफ्ट कार भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, पीछे से टकराने वाली गाड़ियों में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को तुरंत हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू रूप से बहाल कराया। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

### आप ने पोस्टर शेयर कर भाजपा नेताओं को बताया 'गालीबाज दानव', बीजेपी बोली- पूर्वांचल विरोधी हैं केजरीवाल

नई दिल्ली , (आरएनएस)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर जारी है। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में उन्होंने बीजेपी नेताओं को गालीबाज बताया है।

आम आदमी पार्टी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्टर शेयर किया है। उन्होंने पोस्टर को कैप्शन दिया, भाजपा के गालीबाज दानवों से दिल्ली रहे सतर्क।

इस पोस्टर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वीरेंद्र सचदेवा, विजेंद्र गुप्ता, प्रवेश वर्मा, मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी की तस्वीर लगाई गई है। इस पोस्टर को 'गालीबाज दानव' नाम दिया गया है।

वहीं, आम आदमी पार्टी के पोस्टर के जवाब में भाजपा ने भी पलटवार किया है। दिल्ली भाजपा ने अपने एक्स अकाउंट पर अरविंद केजरीवाल की एक हंसती हुई तस्वीर को शेयर किया। उन्होंने 'आप' को पूर्वांचल विरोधी बताया है।भाजपा ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, पूर्वांचल समाज का अपमान, शीशमहल के नवाब केजरीवाल की पहचान।

## दिल्ली-एनसीआर में छाया घना कोहरा, 100 से ज्यादा फ्लाइट लेट; ट्रेनों की रफ्तार भी थमी




नई दिल्ली , (आरएनएस)। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता शून्य हो गई जिससे हवाई और रेल सेवाओं पर असर पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पंजाब , हरियाणा और राजस्थान समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में मध्यम से बहुत घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की है।

दिल्ली को आने वाली 26 ट्रेनें और 100 से ज्यादा उड़ानों पर असर पड़ा है। भारतीय रेलवे के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे की स्थिति के कारण दिल्ली जाने वाली 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

सेंट्रल कंट्रोल बोर्ड की वेबसाइट के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 6 बजे के करीब 408 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार सुबह 6 बजे एक विज्ञप्ति में कहा कि घने कोहरे के कारण हवाई सेवाओं पर असर पड़ा है। लो विजिबिलिटी की वजह से कई फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। फ्लाइटराडार24 के अनुसार, औसत 41 मिनट की देरी हुई।हालांकि, डीआईएएल ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि सीएटी अनुपालन वाली उड़ानें टेक ऑफ और लैंड कर सकती हैं। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को राजधानी का अधिकतम और न्यूनतम तापमान 6 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

दिल्ली- वायु प्रदूषण के स्तर में तेज वृद्धि के बीच गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत चरण 3 के प्रावधानों को फिर से लागू किया गया। दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का आकलन किया गया, 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गुरुवार शाम 4 बजे 357 बजे तक पहुंच गया, जो बुधवार को 297 था।

## सूर्यपेट में प्राइवेट बस की लॉरी से जोरदार टक्कर, चार की मौत

सूर्यपेट (आरएनएस)। तेलंगाना के सूर्यपेट में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा सूर्यपेट-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग के चिव्वेनला (एम) ऐलापुरम के पास हुआ।

शुक्रवार सुबह सूर्यपेट-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राइवेट ट्रैवल बस की एक लॉरी से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं। इसके अलावा 17 अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब प्राइवेट बस ओडिशा से हैदराबाद जा रही थी। जानकारी के अनुसार, बस में कुल 32 लोग सवार थे, जिनमें से अधिकांश मजदूर थे। जो काम के लिए हैदराबाद जा रहे थे।

जैसे ही बस चिव्वेनला (एम) ऐलापुरम के पास पहुंची तो उसकी लॉरी से टक्कर हो गई। इस हादसे के दौरान बस का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसका अंदाजा उन तस्वीरों से होता है जो हादसे के बाद सामने आई हैं।वहीं, हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला। साथ ही पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों की पहचान ओडिशा के मजदूरों के रूप में हुई है। माना जा रहा है कि बस का टायर फटने के बाद यह हादसा हुआ है। जो रास्ते में खड़ी एक लॉरी से टकरा गया।पुलिस के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अन्य हादसे की अन्य वजहें तलाशी जा रही हैं।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा का दावा- दिल्ली में पूर्ण बहुमत से बनेगी भारतीय जनता पार्टी की सरकार



नई दिल्ली(ए.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर चुनाव के मद्देनजर पार्टी की संगठनात्मक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस बैठक में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, सह-चुनाव प्रभारी अतुल गर्ग (सांसद), सह प्रभारी डॉ अल्का गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश चुनाव संचालन समिति प्रमुख हर्ष मल्होत्रा (सांसद) एवं सह-प्रमुख मनोज तिवारी (सांसद) भी उपस्थित रहे।नड्डा ने पहले भाजपा की दिल्ली चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक की और तत्पश्चात चुनाव प्रबंधन के अलग-अलग विभागों की बैठक की और पार्टी की चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश भाजपा चुनाव संचालन समिति एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को पार्टी की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का मार्गदर्शन दिया। नड्डा ने कहा कि दिल्ली का यह विधानसभा चुनाव झूठ एवं भ्रष्टाचार रूपी अरविंद केजरीवाल और सच एवं विकास रूपी भाजपा के बीच चुनाव का अवसर है।



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के दौरान प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करती हुई।

## सत्ता जाने के डर से अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं केजरीवाल : वीरेंद्र सचदेवा



नई दिल्ली (आरएनएस)। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पीएम मोदी और गृह मंत्री पर जाटों को धोखा देने का आरोप लगाए जाने के बाद भाजपा ने पलटवार किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। केजरीवाल अपनी सत्ता खोने का बदला दिल्ली वालों से ले रहे हैं। मैं उनसे यही कहूंगा कि वह भाजपा को कोस लें, लेकिन प्लीज दिल्ली में तनाव ना फैलाइए, दिल्ली का विकास रोककर, खजाना लूटकर वह पहले ही बहुत नुकसान कर चुके हैं। अब उन्हें दिल्ली का समुदाय सौहार्द नहीं बिगाड़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, दो कुर्सी नाटक से आज के घटिया पोस्टर तक आपने गत 4 माह में हर सुबह दिल्ली वालों को, भाजपा को कोसा है। दिल्ली अब और केजरीवाल को नहीं सह पाएगी। केजरीवाल का आज का पोस्टर उनके चरित्र और हताशा को दर्शाता है। भाजपा इसकी निंदा करती है और अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो इसे वापस लें।

वीरेंद्र सचदेवा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए कहा, 13 सितंबर को माननीय सुप्रीम कोर्ट की सख्त शर्तों के साथ एक कागजी मुख्यमंत्री के रूप में जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने उसी दिन इस्तीफा न देकर राजनीतिक आत्महत्या की थी। 21 सितंबर को आतिशी को अस्थाई मुख्यमंत्री कहकर अरविंद केजरीवाल ने अपनी पुरानी महिला विरोधी सोच को फिर से दर्शाया था। 22 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आतिशी से दो कुर्सी का नाटक करा कर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा तार-तार की थी।

### तेलंगाना : सूर्यपेट में प्राइवेट बस की लॉरी से जोरदार टक्कर, चार की मौत

सूर्यपेट (आरएनएस)। तेलंगाना के सूर्यपेट में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा सूर्यपेट-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग के चिव्वेनला (एम) ऐलापुरम के पास हुआ।शुक्रवार सुबह सूर्यपेट-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राइवेट ट्रैवल बस की एक लॉरी से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं। इसके अलावा 17 अन्य घायल हो गए।यह हादसा उस समय हुआ, जब प्राइवेट बस ओडिशा से हैदराबाद जा रही थी। जानकारी के अनुसार, बस में कुल 32 लोग सवार थे, जिनमें से अधिकांश मजदूर थे। जो काम के लिए हैदराबाद जा रहे थे। जैसे ही बस चिव्वेनला (एम) ऐलापुरम के पास पहुंची तो उसकी लॉरी से टक्कर हो गई। इस हादसे के दौरान बस का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसका अंदाजा उन तस्वीरों से होता है जो हादसे के बाद सामने आई हैं।

## हिमाचल प्रदेश शीतलहर की चपेट में कई जिले

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम के करवट बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य में दो दिनों तक बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया गया है। वहीं कई जिलों में शीतलहर चलने व घना कोहरा रहने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के नौ स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। शीतलहर के कारण लोग सुबह-शाम घरों में दुबकने को मजबूर हैं। आज एवं कल प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार 11 जनवरी की शाम से 12 जनवरी की मध्य रात्रि या 13 जनवरी की सुबह तक राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ भागों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं शिमला शहर सहित राज्य के कुछ पर्यटन स्थलों पर 11 जनवरी की शाम से 12 जनवरी 2025 की दोपहर तक बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। वहीं राज्य के निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों के कुछ भागों में हल्की वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर 11 जनवरी की दोपहर से 12 जनवरी मध्यम वर्षा और गरज के साथ अंधड़ चलने की संभावना है। 13 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।

अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। इसके बाद, अगले दो दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

11 और 12 जनवरी को राज्य के ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी व कांगड़ा जिले के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इसके बाद तीन दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर की स्थिति में कमी आएगी। वहीं कुछ भागों में कोहरा छाया रहने के आसार हैं।

शिमला में न्यूनतम तापमान 6.0, सुंदरनगर 1.3, भुंतर माइनस 0.5, कल्पा माइनस 3.4, धर्मशाला 6.4, ऊना माइनस 0.5, नाहन 6.3, पालमपुर 2.4, मनाली माइन 0.9, कांगड़ा 4.1, मंडी 2.1, बिलासपुर 4.4, हमीरपुर 2.2, डलहौजी 6.5, कुफरी 3.7, कुकुमसेरी माइनस 11.3, नारकंडा 1.4, भरमौर 2.4, रिकांगपिओ माइनस 0.6, सेऊबागं माइनस 0.2, समदो माइनस 8.0, बरठीं 2.2, कसौली 5.6, सराहन 4.7, ताबो माइनस 11.3 व बजौरा में माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## छोटी जोत वाले किसान भी अच्छी आमदनी अर्जित करें, इस दिशा में सरकार कर रही प्रयास : नायब सिंह सैनी



चंडीगढ़ी (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा ध्येय है कि किसानों की आमदन बढ़े और किसान आर्थिक रूप से समृद्ध बने। प्रदेश के 70 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जिनके पास जमीन कम है। इसलिए उनके उत्थान के लिए भी खास रणनीति बनानी होगी। साथ ही किसानों को अधिक मुनाफा मिले, इसके लिए भी बजट में प्रावधान करने होंगे, ताकि किसानों को मजबूत बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री किसानों के उत्थान को लेकर आज जिला हिसार में बजट पूर्व परामर्श बैठक के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रगतिशील किसानों से सुझाव ले रहे थे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याणा और रणधीर पनिहार भी उपस्थित थे।

चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने वन टू वन किसानों से संवाद किया। पहले सेशन में 52 से ज्यादा सुझाव किसानों की तरफ से सुझाए गए। इसमें प्रगतिशील किसानों के अलावा कृषि विशेषज्ञ भी शामिल थे। दूसरे सेंशन में एफपीओ से जुड़े किसानों से चर्चा हुई। एफपीओ की फेडरेशन से जुड़े सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए।

छोटी जोत वाले किसान भी अच्छी आमदनी अर्जित करें, इस दिशा में सरकार कर रही प्रयास मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा में जो सुझाव आए हैं, उन्हें बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए खास तौर पर काम कर रही है। सरकार इस बात पर विशेष ध्यान दे रही है कि किसान की आमदन कैसे बढ़े, किसान कैसे मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीडीपी में 18 प्रतिशत योगदान कृषि क्षेत्र से है। हमारी सोच है कि किसानों के लिए कुछ ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे छोटी जोत वाले किसान की अच्छी आमदनी ले पाएं। इसी कड़ी में ई-मंडी और दूसरे विकल्प बनाये जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि पहले पैदावार को मंडी में ले जाना चुनौती भरा काम था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज देश और प्रदेश में सड़क-रेल कनेक्टिविटी का नेटवर्क मजबूत हुआ है। अब फसल को इस एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना आसान हो गया है।



*असम के नागांव जिले में राहा के पास माघ बिहू त्यौहार से पहले "प्रकृति जागरूकता" थीम वाली "भेलाघर" नामक एक अस्थायी झोपड़ी के सामने सेल्फी लेती लड़कियां.*

### 12वीं के छात्र ने फैलाई थी दिल्ली के स्कूलों में बम की झूठी अफवाह, पूछताछ में किया बड़ा खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में पता चला कि एक 12वीं के स्टूडेंट ने कॉल करके झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने उस छात्र को पकड़ लिया है। फिलहाल पुलिस छात्र से पूछताछ कर रही है। बताया गया कि छात्र नाबालिग है। परीक्षा को रद्द कराने के मकसद से उसने यह मेल भेजा था। जी-मेल भेजकर स्कूलों में बम होने की धमकी दी थी। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया छात्र मास्टरमाइंड है। साजिश में कई और छात्र शामिल थे, जिनके बारे में जांच जारी है। बता दें कि तबुधवार सुबह 10 स्कूलों को ई-मेल भेजकर धमकी दी गई थी, जिसके बाद सभी स्कूलों में छुट्टी दे दी गई थी। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में कबूल कर लिया है कि उसने दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों को 23 ईमेल भेजे थे।


## बॉडीकॉन ड्रेस पहने अमायरा दस्तूर ने बिखेरा हुस्न का जलवा, लेटेस्ट फोटोज देख फैंस हार बैठे दिल



बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हालांकि फैंस भी उनके हर एक लुक को देखकर अपनी नजरें उन पर से हटाने का नाम नहीं लेते। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।अमायरा दस्तूर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंटरनेट पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने सिंगल डोरी पर टिकी फ्लोरल वनपीस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।फोटोज में आप देख सकते हैं अमायरा दस्तूर अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज दे रही हैं।अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## बॉक्स ऑफिस पर वरुण धवन की बेबी जॉन का निकला दम, जल्द सिनेमाघरों से हटाया जाएगा

वरुण धवन काफी समय से फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में हैं। निर्माताओं को उम्मीद थी कि उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर




बढ़िया कमाई करेगी, लेकिन पहले ही दिन फिल्म का बंटाधार हो गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ चुकी है।

हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है। कुछ दिनों से फिल्म का कारोबार लाखों में सिमटा हुआ है।

आइए बताते हैं 15वें दिन बेबी जॉन का क्या हाल रहा।

सैकनिल्क के मुताबिक, बेबी जॉन ने रिलीज के 15वें दिन यानी बुधवार को 20 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 39.15 करोड़ रुपये हो गया है।

फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन इतना खराब है कि यह सिनेमाघरों में अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है।

बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है,वहीं एटली इसके निर्माता हैं। जैकी श्रॉफ, कीर्ति सुरेश, सान्या मल्होत्रा, राजपाल यादव और वामिका गब्बी भी फिल्म का हिस्सा हैं।

बॉक्स ऑफिस पर बेबी जॉन का सामना अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 से हो रहा है। यह फिल्म पिछले 5 सप्ताह से बॉक्स ऑफिस पर कब्जा किया हुआ है। यह पहले दिन से ही तहलका मचा रही है।

आज 10 जनवरी को बेबी जॉन को टक्कर देने के लिए सोनू सूद की फिल्म फतेह सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# नेगेटिव किरदार नए प्रयोग करने की स्वतंत्रता देते हैं : रेवा कौरसे



टीवी शो 'दीवानियत' में अलीशा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रेवा कौरसे ने बताया कि नकारात्मक भूमिकाएं आपको प्रयोग करने की स्वतंत्रता देती हैं, जो आमतौर पर सकारात्मक किरदारों में नहीं होती।

रेवा ने कहा, एक कलाकार के तौर पर अलीशा का किरदार निभाना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव रहा है। वह कई परतों वाली एक जटिल भूमिका है और उसके डार्क पक्ष को तलाशना चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों रहा।

अभिनेत्री ने कहा, नकारात्मक भूमिकाएं आपको भावनाओं के साथ प्रयोग करने की स्वतंत्रता देती हैं, जो आमतौर पर सकारात्मक किरदारों में नहीं होती।

बता दें, दीवानियत की मौजूदा कहानी में रेवा अलीशा का किरदार निभा रही हैं। धारावाहिक को काफी पसंद किया जा रहा है। कई ट्विस्ट कहानी में आ रहे हैं। ताजा एपिसोड में अलीशा का देव (मुख्य किरदार) के प्रति जुनून हताशा में बदलता दिख रहा है। देव और मन्नत के बीच के बंधन को स्वीकार करने में असमर्थ अलीशा देव का प्यार जीतने की चाह में जोड़े के बीच दरार पैदा करने की ठान लेती है।

अभिनेत्री ने अपने किरदार अलीशा को दिलचस्प बताया।

अभिनेत्री ने कहा, मैंने अलीशा के किरदार के साथ बहुत कुछ सीखा है और इससे एक कलाकार के रूप में मेरे में काफी निखार आया। मैं दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए आभारी हूं और उम्मीद करती हूं कि कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ वे शो को समर्थन देते रहेंगे। देव के प्रति अलीशा का जुनून एक गहरी भावनात्मक उथल-पुथल से उपजा है और मैं उसकी यात्रा को पूरी ईमानदारी से निभा रही हूं।

'दीवानियत' की कहानी जीत और मन्नत के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनके बीच प्रेम का रिश्ता है मगर उनके परिवारों के बीच झगड़ा या आपसी मनमुटाव है। दीवानियत का प्रीमियर 11 नवंबर 2024 को स्टार प्लस पर हुआ था। यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।

इस सीरीज में कृतिका सिंह यादव, विजयेंद्र कुमेरिया और नवनीत मलिक मुख्य भूमिका में हैं। यह तमिल सीरीज 'ईरामना रोजवे' का हिंदी रीमेक है।

रेवा को प्यार का पहला अध्याय शिव शक्ति में निभाए किरदार के लिए भी जाना जाता है।

# बॉक्स ऑफिस पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 की पकड़ बरकरार, 35वें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पैन इंडिया फिल्म पुष्पा 2: द रूल को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 35 दिन हो चुके हैं. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाई थी, लेकिन 5वें हफ्ते में फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखी गई. कलेक्शन में गिरावट के बावजूद, फिल्म ने एक स्थिर ग्राफ बनाए रखा है और आने वाले हफ्तों में बॉक्स ऑफिस के और भी रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार है.पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 35 दिन पूरे कर लिए हैं. इन 35 दिनों में इसने 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. यह कई अन्य नई फिल्मों की रिलीज के बीच भी अपनी पकड़ बनाए रखी. नाना पाटेकर की वनवास हो या वरुण धवन की बेबी जॉन, पुष्पा 2 के बाद रिलीज हुई किसी भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर मौका नहीं मिला. फिल्म को थिएटर में आए एक महीने से ज्यादा हो गया है और अब फिल्म के कलेक्शन में गिरावट देखने को मिल रही है.

सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने अपने 35वें दिनों में सभी भाषाओं में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 2.15 करोड़ रुपये नेट कलेक्शन किए हैं, जिससे पांचवें सप्ताह में इसकी कुल कमाई अनुमानित 23.25 करोड़ रुपये हो गई है. विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगर यही रुझान रहा, तो पुष्पा 2 इस सप्ताह के अंत तक 25 करोड़ रुपये ही कमा पाएगी.सुकुमार की निर्देशित इस फिल्म ने कई सारे रिकॉर्ड बनाए हैं. इसने अपने शुरुआती सप्ताह में 725.8 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड तोड़ कमाई की. दूसरे सप्ताह में 264.8 करोड़ रुपये का बिजनेस किया,जबकि तीसरे और चौथे सप्ताह में कलेक्शन धीमा रहा, जिसमें इसने क्रमशः 129.5 करोड़ रुपये और 69.65 करोड़ रुपये कमाए. पुष्पा 2 ने इन 35 दिनों में 1212.43 करोड़ रुपये के कुल नेट कलेक्शन के साथ वैश्विक ब्लॉकबस्टर के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है. पुष्पा 2 के हिंदी डब बेल्ट ने रिलीज के 5वें बुधवार को 1.80 करोड़ रुपए कमाए. अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म ने अब हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 816.91 करोड़ रुपये की कुल कमाई कर ली है. सुकुमार की निर्देशित फिल्म पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल क्रमशः पुष्पा राज, श्रीवल्ली और भंवर सिंह शेखावत वाली भूमिकाओं को दोहरा दिखे हैं.

## पाताल लोक 2 का टीजर जारी, हाथीराम चौधरी बन लौट रहे जयदीप अहलावत

पाताल लोक सीजन 2 का मोस्ट अवेटेड टीजर रिलीज कर दिया गया है. जिसमें फैंस को जयदीप अहलावत के कैरेक्टर की एक झलक मिली. पुलिस ऑफिसर के रोल के लिए पहचाने जाने वाले हाथी राम को नए सीजन में और भी गहरे और खतरनाक वास्तविकताओं का सामना करना पड़ेगा है, जो अपराध, साजिश और भ्रष्टाचार की दुनिया में गहराई से उतरने का वादा करता है. पहले सीजन का प्रीमियर मई 2020 में हुआ जो अहलावत के शानदार प्रदर्शन और अपनी गहरी




कहानी के चलते दर्शकों के बीच बहुत फेमस हो गया और दर्शक तब से ही दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. तो खेल खत्म, ऐसा थोड़ा ना होता है पाताल लोक में.पाताल लोक 2 के टीजर में हमें जयदीप अहलावत के कैरेक्टर को देखने का मौका मिलता है. जिसमें वह लिफ्ट में जाते हुए कहते हैं, एक कहानी सुनाऊं, एक गांव मे एक आदमी रहता था जिसे कीड़ों से नफरत थी, कहता था सारी बुराईयों की जड़ कीड़े हैं. फिर एक दिन उसके घर के कोने से एक कीड़ा निकला जिसने उस आदमी को काट लिया. लेकिन हिम्मत करके उस आदमी ने उस कीड़े को मार दिया. बस फिर क्या था बंदा पूरे गांव का हीरो बन गया सबने उसे सर आंखों पर बैठा लिया. अगली कई रातें वह चैन से मुस्कुराते हुए सोया. फिर एक सुनसान रात में उसके बिस्तर के नीचे अनगिनत कीड़े थे. उसे क्या लगा था एक कीड़े को मार दिया.

## द रोशंस का ट्रेलर जारी, दिखे परिवार के सपने और ताकत

शशि रंजन को-प्रोड्यूस-डायरेक्टेड, राकेश रोशन प्रोड्यूस डॉक्यू सीरीज 'द रोशन्स' का 17 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा। इसमें रोशन परिवार के जीवन के उतार-चढ़ावों और सफलता को दिखाया जाएगा। रोशन परिवार के सबसे चर्चित सितारे ऋतिक रोशन हैं। हाल ही में इस सीरीज का ट्रेलर लॉन्च हुआ है, जिसकी शुरुआत ऋतिक रोशन से होती है, वह अपने परिवार की कहानी सुनाते हुए नजर आते हैं। डॉक्यू सीरीज 'द रोशन्स' ट्रेलर की शुरुआत रोशन लाल नागरथ के बनाए बेहतरीन क्लासिक्स गीतों से होती है। ऋतिक रोशन उनके पोते हैं। ऋतिक सीरीज में अपने दादा जी गीत सुनते हुए, उनको याद करते हैं। ऋतिक रोशन के पिता भी हिंदी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता रहे, साथ ही उन्होंने प्रोड्यूसर, डायरेक्टर के तौर पर भी कई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। वहीं राजेश रोशन, जो कि ऋतिक के चाचा हैं, वे भी हिंदी सिनेमा में एक उम्दा म्यूजिक डायरेक्टर हैं। इस तरह से रोशन लाल नागरथ के परिवार में एक नहीं, कई सितारे मौजूद हैं। पूरे परिवार की जर्नी कैसी रही, इसी को सीरीज रोशंस में समेटा गया है। रोशन परिवार के बारे में इस सीरीज में कई बॉलीवुड कलाकार अपने मन के भाव साझा करते हुए नजर आए। जैसे डायरेक्टर संजय लीला भंसाली, राकेश रोशन द्वारा बनाए सदाबहार गीतों के लिए उनको सराहते हैं। वहीं शाहरुख खान बताते हैं कि राकेश रोशन और राजेश रोशन बिल्कुल 'करण अर्जुन' जैसे हैं, उनके बीच बहुत अच्छी बॉन्डिंग है। सिंगर आशा भोंसले जी भी कहती हैं कि इस घर में एक नहीं कई सितारे हुए हैं, यह अपने आप में बड़ी बात है।

सीरीज 'द रोशन्स' में ऋतिक रोशन की एक्टिंग जर्नी पर भी रोशनी डाली गई है।

# मौत के जोखिम को कम करने के लिए इस समय पीएं कॉफी, अध्ययन में आया सामने



कई लोग अपनी दिन की शुरुआत कॉफी से करना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका हमारे शरीर पर कैसा असर पड़ता है?इस बात का पता लगाने के लिए ही वैज्ञानिकों द्वारा कई तरह के अध्ययन किए गए हैं।हालांकि, नए अध्ययन में पाया गया है कि कॉफी पीने से मिलने वाले लाभ इस बात पर निर्भर करते हैं कि आप इसे कब पीते हैं।

### आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

कॉफी पीने के समय पर ध्यान देना है जरूरी- डॉक्टर लूएक अध्ययन के मुताबिक, अगर व्यक्ति कॉफी का सेवन सुबह के समय तक सीमित रखता है तो इससे समय से पहले मृत्यु आने का खतरा कम हो सकता है। अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉक्टर लू क्यूई ने एक प्रेस रिलीज में कहा, यह कॉफी पीने का समय स्वास्थ्य परिणामों का परीक्षण करने वाला पहला अध्ययन है। हम अमूमन आहार के समय के बारे में सलाह नहीं देते, लेकिन शायद हमें इस बारे में सोचना चाहिए।

### कॉफी और बीमारियों का संबंध

इस अध्ययन के मुताबिक, प्रतिभागियों द्वारा समय के साथ कॉफी के सेवन की जांच करने वाले अधिकांश पिछले अध्ययनों में पाया गया है कि मध्यम स्तर की कॉफी की खपत टाइप-2 मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों और समय से पहले मृत्यु के कम जोखिम से जुड़ी हो सकती है। हालांकि, लेखकों का कहना है कि आनुवंशिकी या अधिक कॉफी पीना जैसे कारक इस संबंधों को प्रभावित करते हैं या नहीं, इसके वैज्ञानिक प्रमाण विवादास्पद रहे हैं।

### इस तरह से किया गया अध्ययन

इस अध्ययन के लेखकों ने साल 1999 से 2018 तक आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य और पोषण परीक्षा सर्वे से 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के 40,725 वयस्कों के आहार और स्वास्थ्य डाटा का अध्ययन किया। इसमें लेखकों ने लाइफस्टाइल वैलिडेशन स्टडी के महिला और पुरुष दोनों संस्करणों से 1,463 वस्यकों के एक उपसमूह को भी शामिल किया, जिन्होंने एक सप्ताह का आहार रिकॉर्ड पूरा किया था और इसमें कैफीनयुक्त और बिना कैफीन वाले पेय शामिल थे।

### सुबह के समय कॉफी पीने से इन चीजों का खतरा होगा कम

अध्ययन के लेखकों ने आहार रिकॉर्ड के साथ समय को तीन अवधियों में शामिल किया था, जिसमें सुबह 4 बजे से 11:59 बजे तक, दोपहर 12 बजे से शाम 04:59 बजे तक और शाम 5 बजे से सुबह 03:59 बजे थे।

इससे लेखकों ने पाया कि सुबह के समय कॉफी पीने से समय से पहले मृत्यु का जोखिम 16 प्रतिशत कम होता है और हृदय रोग से मरने का जोखिम 31 प्रतिशत तक कम होता है।

### निष्कर्ष के लिए लेखकों ने इन कारकों पर दिया ध्यान

लेखकों का कहना है कि पूरे दिन कॉफी पीने वालों में ये जोखिम कम नहीं दिखे।

इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए लेखकों ने नींद के घंटे, उम्र, लिंग, पारिवारिक आय, शिक्षा, शारीरिक गतिविधि के स्तर, आहार समेत मधुमेह, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल आदि स्वास्थ्य स्थितियों जैसे कारकों को ध्यान में रखा है। हालांकि, कॉफी पीने वाले रोजाना सिर्फ एक कप कॉफी पीएं, तभी उससे आपको भरपूर फायदे मिलेंगे।

## दांतों को प्लाक और कैविटी जैसी समस्याओं से दूर रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



दांतों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना रोजमर्रा के जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए। स्वस्थ दांत हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इनकी देखभाल में सही तरीके से ब्रश करना, माउथवॉश का उपयोग, चीनी का सेवन कम करना, डेंटिस्ट के पास नियमित जांच कराना और धूम्रपान व तंबाकू छोड़ना शामिल है।

इन उपायों को अपनाकर आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं और अपनी मुस्कान को चमकदार बनाए रख सकते हैं।

### सही तरीके से ब्रश करें

दांतों की सफाई के लिए सही तरीके से ब्रश करना बहुत जरूरी है।दिन में कम से कम दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करें। ब्रश करते समय ध्यान रखें कि आप हल्के हाथों से गोल-गोल घुमाते हुए ब्रश करें ताकि मसूड़ों को नुकसान न पहुंचे। टूथपेस्ट में फ्लोराइड होना चाहिए क्योंकि यह दांतों की सुरक्षा करता है और कैविटी बनने से रोकता है।

### माउथवॉश का उपयोग करें

माउथवॉश का उपयोग करने से मुंह की दुर्गंध दूर होती है और बैक्टीरिया खत्म होते हैं।

माउथवॉश आपके मुंह के उन हिस्सों तक पहुंचता है जहां ब्रश नहीं पहुंच पाता। इसे रोजाना इस्तेमाल करने से मसूड़ों की सूजन कम होती है और सांसें ताजा रहती हैं।ध्यान दें कि माउथवॉश का चयन करते समय उसमें अल्कोहल न हो क्योंकि यह मुंह को सूखा बना सकता है।

### चीनी का सेवन कम करें

चीनी हमारे दांतों के लिए हानिकारक होती है क्योंकि यह कैविटी पैदा करती है और दांतों की बाहरी परत को कमजोर कर सकती है।मीठे पेय पदार्थ, चॉकलेट या मिठाइयों का सेवन सीमित मात्रा में ही करें। अगर आप चीनी खाते भी हैं तो उसके बाद पानी पीकर मुंह साफ कर लें या फिर तुरंत ब्रश कर लें ताकि चीनी आपके दांतों पर ज्यादा देर तक न रहे और कैविटी का खतरा कम हो सके।

### नियमित रूप से डेंटिस्ट के पास जाएं

हर छह महीने में एक बार डेंटिस्ट के पास जाकर अपने दांतों की जांच करवाना बहुत जरूरी होता है। इससे किसी भी समस्या का पता जल्दी चल जाता है और समय रहते उसका इलाज किया जा सकता है।

डेंटिस्ट आपकी ओरल हाइजीन को बेहतर बनाने के सुझाव भी देते हैं, जिससे आप अपने दांत लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

इसके अलावा नियमित जांच से दांतों की सफाई और मसूड़ों की सेहत पर ध्यान दिया जा सकता है।

### धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद छोड़ें

धूम्रपान और तंबाकू आपके दांतों को पीला कर देते हैं और मसूड़ों की बीमारियां पैदा कर सकते हैं। इनका सेवन छोड़ने से न केवल आपके दांत बल्कि पूरे शरीर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।अगर आपको इन आदतों को छोड़ने में कठिनाई हो रही हो तो किसी विशेषज्ञ या डॉक्टर की सलाह लें ताकि आप इन्हें आसानी से छोड़ सकें।इन उपायों को अपनाकर आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

## लॉस एंजिल्स आग : भीषण तबाही के बीच लूटेरों ने मचाया आतंक, 20 गिरफ्तार

लॉस एंजिल्स ,(आरएनएस)। लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भयानक आग बढ़ती ही जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि तेज हवाएं आग को और भड़का सकती हैं। इस बीच क्षेत्र में लूटपाट के मामले सामने आ रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने लूटपाट की खबरों के बीच कहा कि मंगलवार को पहली आग लगने के बाद से आपदा क्षेत्रों में लगभग 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लूना ने वादा किया है कि वह क्षेत्र में गश्त बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके अधिकारी - जिन्हें जल्द ही कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के सैनिकों का भी साथ मिलेगा, निकासी क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को सक्रिय रूप से रोकेंगे।लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ ने कहा, जब हमारे पास कानून के तहत निकासी का आदेश होता है और ऐसे में आप उस क्षेत्र में रहते हैं, तो आप दोषी हैं और अगर आप कुछ आपराधिक काम करते हैं, तो यह एक गंभीर मामला बन सकता है।लूना ने कहा, अगर आप ऐसे किसी एक इलाके में हैं और आप वहां के नहीं हैं, तो आपको गिरफ्तार किया जा सकता है।

इस बीच सांता मोनिका शहर ने अराजकता के कारण कर्फ्यू घोषित कर दिया है।आग की वजह से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है। लाखों लोग घर छोड़ने पर मजबूर हुए है जिनमें अमेरिकी फिल्म जगत की कई हस्तियां भी शामिल हैं क्योंकि आग ने हॉलिवुड हिल्स को भी अपने चपेट में ले लिया है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लॉस एंजिल्स में लगभग 100,000 घर, दफ्तर बिना बिजली के हैं। फायर फाइटिंग टीम को उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक हवा और शुष्क मौसम की स्थिति बनी रहेगी, जिससे आग बुझाना और मुश्किल हो सकता है। यदि हवाएं बहुत तेज होंगी, तो फायर फाइटिंग एयरक्राफ्ट उड़ान नहीं भर पाएंगे।

## ब्राजील में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत सात घायल

साओ पाओलो (आरएनएस)। ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य साओ पाओलो के पर्यटक शहर उबातुबा के समुद्र तट के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं सात लोगों के घायल होने की खबर है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना में मरने वाला पायलट था। पायलट ने गुरुवार को उबातुबा क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश की थी, लेकिन वह गति को रोक नहीं सका और हवाई टर्मिनल की सुरक्षा बाड़ को पार कर गया।अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार विमान में सवार सभी चार यात्री सुरक्षित हैं, जिनमें दो वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं।दुर्घटना के कारण क्रूज़ेरो बीच के सैरगाह पर तीन अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए।उबातुबा हवाई अड्डे की रियायतकर्ता कंपनी रेडे वोआ ने कहा कि मौसम की स्थिति ठीक नहीं थी। बारिश और गीले रनवे के कारण यह दुर्घटना हुई। ब्राजीलियाई वायु सेना ने कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तकनीशियनों और विशेषज्ञों को घटनास्थल पर भेजा गया था।इससे पहले 24 दिसंबर, 2024 को ब्राजील के साओ पाउलो राज्य के एक आवासीय क्षेत्र में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक नाबालिग सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी।विमान एक सिंगल-इंजन आरवी-10 था जिसमें एक पायलट और तीन यात्रियों के बैठने की जगह थी। सितंबर (2024) की शुरुआत में एक अलग घटना में कम से कम 14 लोग मारे गए थे जब उत्तरी ब्राजील के अमेज़ॅनस राज्य के अंतर्देशीय शहर बार्सेलोस में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

# अराकान आर्मी पर म्यांमार सेना के हवाई हमले में 40 की मौत, कई घायल

### -2021 में सूची सरकार के जाने बाद से देश में छिड़ा है गृहयुद्ध



रंगून,(ए)। म्यांमार सेना ने अराकान आर्मी पर हवाई हमला किया है, जिसमें कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला पश्चिमी रखाइन प्रांत के एक गांव में किया गया, जो बांग्लादेश से सटा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार की सेना और अराकान आर्मी के बीच रखाइन प्रांत पर कब्जे को लेकर लगातार संघर्ष जारी है। अराकान आर्मी ने रखाइन प्रांत के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर रखा है। अराकान आर्मी ने सितवे पर कब्जे के लिए लगातार हमले किए हैं, जिससे यह स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। म्यांमार में 2021 में आंग सान सू ची की सरकार को हटाने के बाद से देश गृहयुद्ध की आग में जल रहा है।अराकान आर्मी के प्रवक्ता ने बताया कि म्यांमार की सेना का एक विमान रामरी द्वीप पर स्थित क्याउक नी माव गांव में हमला किया। यह हमला दिन में किया गया। हमले में 500 घरों में आग लग गई और 40 से ज्यादा लोग मारे गए। इस हमले में 20 लोग घायल हुए हैं, वहीं बचाव ग्रुप के सदस्य के मुताबिक मारे गए लोगों की संख्या 41 और घायलों की संख्या 52 है। उन्होंने बताया कि दवाओं की कमी के कारण घायलों का इलाज नहीं मिल पा रहा है। रूस ने 28 दिसंबर को 6 सुखोई-30एसएमई फाइटर जेट म्यांमार को दिए हैं। यह सौदा 2018 में हुआ था, जिसके तहत रूस ने 40 करोड़ डॉलर में यह लड़ाकू विमान म्यांमार को दिए। इन विमानों के मिलने के बाद म्यांमार की सेना ने अराकान आर्मी के खिलाफ हवाई हमले तेज कर दिए हैं। अराकान आर्मी ने रामरी कस्बे पर कब्जा कर लिया है, जो म्यांमार के पश्चिमी तट पर स्थित है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रखाइन प्रांत के 17 कस्बों में से 14 पर अब अराकान आर्मी का कब्जा हो चुका है, जबकि म्यांमार सेना इन इलाकों पर हवाई हमले कर रही है।

## भिखारियों और अपराधियों सहित 258 पाकिस्तानियों को सात देशों ने भेजा स्वदेश

कराची ,(ए)। पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। पिछले 24 घंटों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सदाबहार दोस्त चीन सहित सात देशों ने 258 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया है।



पाकिस्तानी इमिग्रेशन अधिकारियों के अनुसार, कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे 258 लोगों में से 244 को आपातकालीन यात्रा दस्तावेजों के आधार पर निर्वासित किया गया। 14 के पास वैध पाकिस्तानी पासपोर्ट थे।

केवल 16 निर्वासितों को संदिग्ध पहचान के कारण गिरफ्तार किया गया, बाकी को केवल पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया।

पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल जियो न्यूज ने बताया कि सऊदी अरब ने 232 लोगों को निर्वासित किया, जिनमें सात भिखारी, बिना परमिट के हज करते पकड़े गए लोग और अपनी सजा पूरी करने के बाद वापस भेजे गए लोग शामिल हैं। इसके अलावा वे पाकिस्तानी शामिल हैं- जो देश में तय समय सीमा से ज्यादा समय तक रुके थे या बिना किसी कारण के या अपने वीजा की वैधता से अधिक समय तक काम करते पाए गए थे।

रिपोर्ट में कहा गया कि सऊदी एजेंसियों ने 112 लोगों को उनके प्रायोजकों की शिकायतों की वजह से वापस भेजा और 63 लोगों पर अन्य आरोप लगे थे।

## नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में 7.1 तीव्रता के भूकंप के बाद 1,211 झटके किए गए महसूस

ल्हासा (ए)। नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में इस सप्ताह के शुरू में आए 7.1 तीव्रता के भूकंप के बाद गुरुवार दोपहर 3 बजे तक कुल 1,211 झटके महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

क्षेत्रीय भूकंप ब्यूरो के अनुसार, सबसे बड़ा झटका 4.4 तीव्रता का था, और यह 7.1 तीव्रता वाले भूकंप के केंद्र से लगभग 18 किलोमीटर दूर आया। ब्यूरो ने यह भी बताया कि 33 झटकों की तीव्रता 3 से अधिक थी।

मंगलवार को आए 7.1 तीव्रता वाले भूकंप में 126 लोगों की जान चली गई और 188 अन्य घायल हो गए। कुल 407 फंसे हुए लोगों को बचाया गया है।

चीन की रेड क्रॉस सोसाइटी (आरसीएससी) ने मंगलवार रात को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री का दूसरा बैच आवंटित किया, जिसमें सूती टेंट, रजाई और फोल्डिंग बेड जैसी 4,300 वस्तुएं शामिल थीं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आरसीएससी द्वारा 50 से अधिक बचावकर्मियों को भी क्षेत्रों में भेजा गया, जो आपातकालीन सेनेटरी शौचालय, खानपान वाहन और कैंपर वाहन के अलावा अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया आपूर्ति लेकर आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने पुष्टि की है कि भूकंप मंगलवार सुबह 6:35 बजे (आईएसटी) आया, जिसका केंद्र अक्षांश 28.86 डिग्री उत्तर और देशांतर 87.51 डिग्री पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थान की पहचान नेपाल की सीमा के पास शिजांग (तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र) के रूप में की गई थी।

## हम ट्रंप की टैरिफ धमकी का जवाब देंगे, कुछ साल पहले हम कर चुके हैं ऐसा : ट्रूडो



ओटावा ,(ए)। जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि अगर आने वाले दिनों में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकी को साकार रूप देते हैं तो उनकी सरकार भी इसका जवाब देगी।

सिन्हुआ ने ट्रूडो के एक साक्षात्कार को आधार बनाकर अपनी बात रखी। ट्रूडो ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम इसका जवाब देंगे, जैसे हमने कुछ साल पहले किया था, जब ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ लगाया था। हमने हेंज केचप, ताश के पत्ते, बॉर्बन, हार्ले डेविडसन और ऐसी अन्य चीजों पर टैरिफ लगाकर इसका जवाब दिया, जो अमेरिकी श्रमिकों को नुकसान पहुंचाती थीं।

उन्होंने कहा कि ट्रंप एक बहुत अच्छे वार्ताकार हैं। टैरिफ के असर को कम करने के लिए कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात का इस्तेमाल कर रहे हैं।

ट्रूडो ने कहा, अमेरिकी उपभोक्ता जो भी कनाडा से खरीदेंगे, वह अचानक बहुत महंगा हो जाएगा और यह एक ऐसी बात है जिस पर हमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि कनाडाई अधिकारी अमेरिकी उत्पादों की एक सूची तैयार कर रहे हैं, जिन पर जवाबी शुल्क लगाया जाएगा, क्योंकि कनाडा को अमेरिकी शुल्कों का जवाब देना पड़ा।

ट्रंप ने कहा था, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयात होने वाली सभी कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है।

इससे पहले अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका को मिलाने के लिए इकोनॉमिक फोर्स यानि आर्थिक ताकत का इस्तेमाल करने की बात कही थी। ट्रंप कनाडा को अक्सर 51वां राज्य कहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सुझाव के समर्थन में अमेरिका द्वारा प्रदान की गई सैन्य सहायता और दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे जैसे कारणों का हवाला दिया।

## पोलियो वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट के बिना पाकिस्तानी यात्रियों की नहीं होगी एंट्री : सऊदी अरब

इस्लामाबादा ,(ए)। सऊदी अरब की यात्रा करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए पोलियो टीकाकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया है। सऊदी अरब के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (जीएसीए) ने यह घोषणा की है।

जीएसीए के अनुसार, नवीनतम निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को कठोर दंड और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान दुनिया के अंतिम दो पोलियो-स्थानिक देशों में से एक बना हुआ है।

देश में पोलियोवायरस के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। 2024 में इस अपंग करने वाली बीमारी के 68 मामले सामने आए थे।पिछले कई वर्षों से देश में पोलियो वायरस के प्रसार को रोकने में पाकिस्तान सरकार की नाकामी पर सवाल उठते रहे हैं। विशेष रूप से अशांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों को लेकर जहां पोलियो टीकाकरण अभियान को हिंसा का सामना करना पड़ा और स्वास्थ्य कर्मियों की मौतें भी हुईं।



## अब कराची और लाहौर में होगी त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज : पीसीबी

लाहौर (ए)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मुल्तान में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज को अब कराची और लाहौर में स्थानांतरित कर




दिया है। पीसीबी का कहना है कि इस सीरीज से 19 फरवरी से कराची में शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी का अच्छा अवसर मिलेगा। वहीं पीसीबी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां जोरों पर हैं और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में सुधार कार्य समय सीमा से पहले या उसके आसपास पूरा हो जाएगा। इसलिए इस मामले को लेकर किसी प्रकार की अटकलें नहीं लगायी जानी चाहिये। पीसीबी ने कहा, 'गद्दाफी स्टेडियम और नेशनल बैंक स्टेडियम में तैयारियों के अग्रिम चरण को देखते हुए पीसीबी ने आगामी त्रिकोणीय वनडे सीरीज को इन दो स्थलों पर आयोजित करने का फैसला किया है। पहले ये सीरीज मुल्तान में होनी थी। यह फैसला इसलिए किया है जिससे कि उन्नत स्टेडियमों की तैयारी बेहतर तरीके से हो।

# बुमराह को बनाये अगला कप्तान : गावस्कर



मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम का अगला कप्तान बनाया जाना चाहिये। गावस्कर ने कहा कि बुमरान में नेतृत्व क्षमता है और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ये बात एक बार फिर साबित हुई है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पर्थ में पहले टेस्ट में जीत भी दर्ज की थी। गावस्कर ने कहा कि बुमराह ने गेंद से आगे बढ़कर नेतृत्व किया, पांच मैचों की श्रृंखला में 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी हासिल किया। बुमराह की कप्तानी की व्यापक प्रशंसा हुई, जब उन्होंने पर्थ में कप्तानी की जिम्मेदारी अच्छे तरीके से निभाई । पहले भी वह कार्यवाहक कप्तान के तौर पर काम कर चुके हैं। रोहित शर्मा के सिडनी टेस्ट से हटने के बाद उन्हें अंतिम टेस्ट में फिर से कप्तानी सौंपी गई पर पीठ की चोट के कारण वे तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए। गावस्कर के अलावा कई और लोगों ने भी बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम का भावी कप्तान बताया है। गावस्कर ने कहा कि बुमराह एक लीडर की तरह काम करते हैं पर अपने साथियों पर दबाव नहीं डालते। उन्होंने कहा, वह अगला खिलाड़ी हो सकता है। अंदर एक बहुत नेतृत्व कर्ता की अच्छी छवि है पर वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो आप पर दबाव डाले जबकि कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो आप पर बहुत दबाव डालते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि बुमराह खिलाड़ियों से अपना काम करने की उम्मीद करते हैं और उन पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालते। उन्होंने कहा कि कि कैसे उन्होंने मिड-ऑफ और मिड-ऑन पर खुद को रखकर और लगातार बाकी तेज गेंदबाजों को जरुरी सुझाव दिये। गावस्कर ने कहा, बुमराह के मामले में आप देख सकते हैं कि वह दूसरों से यही उम्मीद करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है और जिसके लिए वे राष्ट्रीय टीम में हैं पर वह किसी पर दबाव नहीं डालते। तेज गेंदबाजों के मामले में वह बिल्कुल शानदार रहे हैं। मिड-ऑफ, मिड-ऑन पर खड़े रहे।

## दिनेश कार्तिक ने रोहित शर्मा को दिया गच्चा, पैट कमिंस को बताया मौजूदा समय का सर्वश्रेष्ठ कप्तान

नईदिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं. रोहित शर्मा के बल्ले से रन तो नहीं ही निकले रहे हैं. बतौर कप्तान भी वे अपने निर्णयों से प्रभावित करने में असफल रहे हैं. इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए आखिरी टेस्ट से वे बाहर भी रहे थे. अब दिनेश कार्तिक ने भी रोहित की कप्तानी पर सवाल उठा दिया है।

रोहित शर्मा सिर्फ अपनी बल्लेबाजी नहीं बल्कि अपनी कप्तानी को लेकर भी आलोचना के घेरे में हैं. इसके बावजूद उन्हें बेहतर कप्तान मानने वाले और बताने वालों की संख्या करोड़ों में है लेकिन पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की सोच इससे बेहद अलग है. दिनेश रोहित शर्मा को मौजूदा समय का बेस्ट कप्तान नहीं मानते. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को मौजूदा समय का सर्वश्रेष्ठ कप्तान माना है।

दिनेश कार्तिक द्वारा पैट कमिंस को सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया जाना कहीं न कहीं आंकड़ों के दृष्टिकोण से सही है. कमिंस जब भी बतौर कप्तान रोहित शर्मा के सामने आए हैं विजेता बनकर उभरे हैं. वनडे विश्व कप 2023 फाइनल, डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल और बीजीटी 2024-25 इसका उदाहरण है. कमिंस की कप्तानी में इन हर बड़े मौकों पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को मात दी है।

कमिंस वनडे विश्व कप, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी, डब्ल्यूटीसी जीत चुके हैं. ऐसे में उनका अगला लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी है. लेकिन कमिंस के बारे में खबर ये आई है कि वे टखने की चोट से परेशान हैं. अगर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पूरी तरह कमिंस फिट नहीं होते तो वे इस मेगा इवेंट से बाहर हो सकते हैं. ये ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा झटका होगा वहीं दूसरे देशों खासकर भारत के लिए राहत वाली बात होगी. पैट कमिंस ऐसे खिलाड़ी हैं जो हर मुश्किल से टीम को निकालने में सक्षम हैं।

## *जोकोविच का दावा कि ऑस्ट्रेलिया में हिरासत के दौरान उन्हें जहर दिया गया था*

*मेलबर्न, (ए)। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने कहा है कि 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के वीज़ा विवाद के समय हिरासत के दौरान उन्हें जहरीला खाना खिलाया गया था, इससे पहले कि उन्हें सीज़न के पहले मेजर की पूर्व संध्या पर निर्वासित कर दिया गया।*

*24 बार के मेजर विजेता का 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया के कोविड-19 प्रवेश नियमों और उनके बिना टीकाकरण की स्थिति के कारण वीज़ा रद्द कर दिया गया था। उन्हें शुरू में वीज़ा छूट दी गई थी, लेकिन बाद में ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने इसे रद्द कर दिया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मेलबर्न के एक होटल में शरणार्थियों के साथ हिरासत में रखा गया। जोकोविच ने जीक्यू को बताया, मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था जिससे मुझे ज़हर हो गया था। जब मैं सर्बिया वापस आया तो मुझे कुछ पता चला। मैंने कभी किसी को सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया... मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत ज़्यादा था। मेरे शरीर में सीसा और पारा का स्तर बहुत ज़्यादा था।सर्ब ने आगे कहा कि 2022 के विवाद के बावजूद उन्हें ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कोई शिकायत नहीं है। हालांकि, 12 महीने बाद, वह खिताब जीतने के लिए मेलबर्न लौट आए।*

*उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में ऑस्ट्रेलिया या दुनिया के दूसरे देशों में मिलने वाले बहुत से ऑस्ट्रेलियाई लोग मेरे पास आए और मेरे साथ किए गए व्यवहार के लिए मुझसे माफ़ी मांगी, क्योंकि उस समय वे अपनी ही सरकार से शर्मिंदा थे।*

# 14 जनवरी से इंडिया ओपन से वापसी करेंगी सिंधु



नई दिल्ली (ए)। भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु 14 जनवरी से शुरु हो रहे योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2025 में खेलती हुई नजर आयेंगी। ये शादी के बाद सिंधु का पहला टूर्नामेंट होगा। उनकी पिछले माह दिसंबर में शादी हुई थी। इंडिया ओपन सुपर 750 के तीसरे संस्करण में भारत सहित दुनिया भर के कई खिलाड़ी भाग लेंगे। पीवी सिंधु ने अंतिम बार सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में भाग लिया था।सुपर 750 भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित मुख्य प्रतियोगिता रही है। इस टूर्नामेंट में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और विश्व नंबर एक खिलाड़ी शि यूकी भी खेलते हुए दिखेंगे। ये टूर्नामेंट शुरुआत से से डीडब्यूएफ विश्व टूर का हिस्सा रहा है, जहां पर विजेता को 9,50,000 यूएस डॉलर की धनराशि और 11000 अंक मिलते हैं, टूर्नामेंट के इस तीसरे सत्र में भारत के ओर से 21 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं पिछले दो सीजनों में भारत की ओर से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस सत्र में पुरुष युगल में एशियन गोल्ड मेडलिस्ट सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, एशियन गेम्स ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय पर सभी की निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी। पुरुष एकल- लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय, प्रियांशु राजावतमहिला एकल- पीवी सिंधु, मालविका बंसोद, अनुपमा उपाध्याय, आकर्षी कश्यप पुरुष युगल- चिराग शेट्टी/सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, के साइ प्रथीक/पृथ्वी के रॉय

### *कुहनेमैन ने ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी का श्रेय तस्मानिया को दिया*

*नई दिल्ली,(ए)। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने घरेलू क्रिकेट सर्किट में तस्मानिया में शामिल किए जाने को आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टेस्ट टीम में वापसी का श्रेय दिया है।*

*कुहनेमैन ने 2023 की शुरुआत में भारत दौरे पर तीन टेस्ट खेले थे और एक बार पांच विकेट भी लिए थे। लेकिन उसके बाद, उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा और उन्होंने 2023/24 शेफील्ड शील्ड सीजन बिना किसी मैच के ही खेल लिया, क्योंकि क्वींसलैंड ने लेग स्पिनर मिशेल स्वेप्सन को अपना मुख्य स्पिनर बना लिया था। परिणामस्वरूप, कुहनेमैन 2024/25 सीजन से पहले तस्मानिया चले गए और छह शेफील्ड शील्ड मैचों में खेले, जिसमें उन्होंने 18 विकेट लिए - जिनमें से नौ विकेट होबार्ट में उनके नए घरेलू मैदान पर आए, जो स्पिनरों के लिए चुनौतीपूर्ण स्थान है।*

## तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे

मुंबई, (ए)। मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी।

सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी समेत मुंबई के दिग्गज और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है।

मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

उपस्थित लोग प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल के प्रदर्शन और लुभावने लेजर शो का आनंद ले सकते हैं।इस अवसर पर बोलते हुए, एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूं। हमारे दिग्गज नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं।

समारोह के एक भाग के रूप में, एमसीए के पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के सदस्य 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेंगे।

## ढ़ोंगी है गौतम गंभीर..., पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी के विवादित बयान से मचा तहलका

नईदिल्ली(ए)। भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर इस वक्त निशाने पर हैं. तमाम पूर्व क्रिकेटर्स उनकी कोचिंग स्टाइल पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि उनके कार्यकाल में टीम इंडिया को एक के बाद एक करारी हार मिल रही है. वहीं, अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने गंभीर को लेकर एक विवादित बयान दे दिया है. उनका कहना है की गंभीर ढ़ोंगी हैं...

पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर को राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया का हेड कोच नियुक्त किया गया. उनकी कोचिंग में पहले तो भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घर पर हार गई. फिर लगातार 4 बार बॉर्डर-गावस्कर जीतने वाली भारतीय टीम बीजीटी भी हार गई. इस तरह के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गौतम गंभीर की कोचिंग सवालों के घेरे में आ गई है. पूर्व क्रिकेटर मनीज तिवारी ने उन्हें लेकर एक विवादित बयान देते हुए गंभीर को ढ़ोंगी करार दिया है।

उन्होंने कहा, आप लोग सोच रहे होंगे की मैंने उन्हें ढोंगी क्यों कहा? इसकी वजह एक इंटरव्यू है. अगर आपको याद हो तो एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था की ये सभी विदेशी कोच, सभी जो बाहर से आते हैं, उनमें फीलिंग्स नहीं होती, उनके पास फीलिंग नहीं होती. वो पैसा कमाते हैं और मजे करते हैं. हेड कोच गौतम गंभीर ने अपने सपोर्ट स्टाफ के रूप में 2 विदेशी कोचों को चुना, जो उनके साथ आईपीएल में काम कर चुके थे. उन्होंने रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल को अपने साथ जोड़ा।

इस कारण गौतम गंभीर पर नाराज मनोज तिवारी ने आगे कहा, जब उनके पास सभी भारतीय कोच और सभी भारतीय मूल के सपोर्ट स्टाफ को चुनने का मौका था, तो उन्होंने रयान टेन डोशेट और मोर्ने मोर्कल का नाम क्यों आगे बढ़ाया? उन्हें वो सब मिला जो उन्हें चाहिए था लेकिन फिर भी वह नतीजा नहीं दे पा रहे हैं. उनकी हरकतें उनके शब्दों से मेल नहीं खातीं, इसलिए मैंने उन्हें ढोंगी कहा।

# शासकीय अमला घर-घर जाकर मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का हितलाभ दिलाये - मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए निर्देश







नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की प्रगति, धान उपार्जन, युवा दिवस की तैयारी के संबंध में तथा मकर संक्रांति पर्व मनाया जाने की तैयारी के संबंध में सभी कलेक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की शासकीय अमला घर-घर जाकर सर्वे करके हितग्राहियों को हितलाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए की मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों का समन्वय लेकर कार्य किया जाए, उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल रहे। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब तक प्रदेश में 24 हजार 300 शिविर का लक्ष्य रखा गया था उसके मान से अब तक 23 हजार 100 शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। आयोजित शिविरों में 25 लाख 70 हजार आवेदन हितग्राहियों से प्राप्त हुए थे। जिनमें 22 लाख आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों का निराकरण भी समय सीमा में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए की जो आवेदन स्वीकृत हुए हैं उनका निराकरण कर पोर्टल पर अपलोड किया जाए और अस्वीकृत आवेदनों को पोर्टल से हटाया जाए।

**मकर संक्रांति पर पतंगबाजी में सावधानी रखने के दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। यह पर्व नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर बड़े पैमाने पर पतंग बाजी के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। उन्होंने कहा कि चाइनीज माझा से कई लोगों की जान जा चुकी है अत: पतंग बाजी में आवश्यक सावधानी अनिवार्य रूप से रखा जाए। उन्होंने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए की नदी, जलाशय एवं तालाब जहां पर हैं वहां सभी कलेक्टर संयुक्त रूप से घाटों की साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें एवं घाटों पर होमगार्ड एवं गोताखोरों की ड्यूटी लगाई जाए। वस्त्र बदलने की भी पर्याप्त व्यवस्था घाट पर की जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस दिन शाजापुर के काला पीपल में वह लाडली बहनों के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर चंदन एवं अन्य प्रकार की वस्तुओं की दान की परंपरा है। इस परंपरा का निर्वहन किया जाए। बताया गया की मकर संक्रांति के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम काला पीपल में आयोजित किया जाएगा। सभी जिलों में मुख्य समारोह आयोजित कर मकर संक्रांति के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के तहत 12 जनवरी को सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम सभी जिलों में आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस दिन वैदिक गणित एवं वैदिक गणित से जुड़े विद्वानों की परिचर्चा आयोजित कि जाए। खगोलीय घटना एक रुचिकर विषय है तो लोगों को खगोलीय घटना के संबंध में जानकारी दी जाए।

# अधिकारियों की नजरों में विधायकों से छोटा है जिला पंचायत अध्यक्ष का पद

## आमंत्रण पत्र में विधायकों के नीचे लिखा जाता है राधा पटेल का नाम


मान्यवर,
मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में संभाग स्तरीय अनुगूँज का आयोजन

| | | |
|---|---|---|
| मुख्य अतिथि | - | माननीय श्री दर्शन सिंह चौधरी<br>सांसद - नरसिंहपुर - नर्मदापुरम |
| अध्यक्ष | - | माननीय श्रीमती माया नारोलिया<br>संसद सदस्य (राज्यसभा) |
| विशिष्ट अतिथि | - | माननीय डॉ. सीतासरण शर्मा<br>विधायक - नर्मदापुरम |
| | - | माननीय श्री विजयपाल सिंह<br>विधायक - सोहागपुर |
| | - | माननीय श्री ठाकुरदास नागवंशी<br>विधायक - पिपरिया |
| | - | माननीय श्री प्रेमशंकर वर्मा<br>विधायक - सिवनी मालवा |
| | - | माननीय श्रीमती राधा पटेल<br>अध्यक्ष जिला पंचायत - नर्मदापुरम |
| | - | माननीय श्रीमती नीतू यादव<br>अध्यक्ष न.पा. परिषद - नर्मदापुरम |
| | - | माननीय श्री भूपेन्द्र चौकसे<br>अध्यक्ष जनपद पंचायत - नर्मदापुरम |

की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा।
इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं।

दिनांक - 10 जनवरी 2025
समय - सांय 6:00 बजे से
स्थान - शास. एस.एन.जी. उच्च. माध्य. विघालय, नर्मदापुरम

विनीत
संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण, नर्मदापुरम्

नर्मदापुरम (निप्र)। अधिकारियों के द्वारा जिला पंचायत के अध्यक्ष पद को विधायक के पद से नीचे माना जाता है। तभी तो शासकीय कार्यक्रमों के आमंत्रण पत्रों में अतिथियों के नाम लिखने के क्रम में पहले विधायक के नाम लिखे जाते हैं उसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम लिखा जाता है। कहने को जिला पंचायत अध्यक्ष को राज्यमंत्री का दर्जा माना गया है। लेकिन यहां पर देखा जाता है कि जिला पंचायत के अध्यक्ष के पद को उतनी महत्त्ता नहीं दी जाती है। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष राधाबाई पटेल का कहना है शासन स्तर पर नारी शक्ति कहा जाता है। लेकिन प्रशासन स्तर पर नारी शक्ति के पद को तवज्जो देते समय उस पद की गरिमा का ध्यान नहीं रखा जाता है। इसी कारण मैं ऐसे कार्यक्रमों में जाना ही पसंद नहीं करती।

**पूर्व में तो नाम तक नहीं दिया जाता था**

पूर्व में जब जिला पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी में थी तब तो आमंत्रण पत्रों में उनका नाम तक नहीं दिया जाता था। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गई उसके बाद भी उनका नाम विधायकों के नाम के नीचे दिया जाता है। उदाहरण स्वरूप शिक्षा विभाग के द्वारा जो आमंत्रण पत्र छापे गए उनमें पहले विधायकों के नाम दिए गए उसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम दिया गया। ऐसा पूर्व में भी अनेक बार हुआ है। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष ने जाना उचित ही नहीं समझा।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत राजस्व महाअभियान 3.0 का कार्य भी निरंतर जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के तहत राजस्व महा अभियान 3.0 का भी संचालन निरंतर रूप से सुचारू है। अभियान अंतर्गत जनकल्याण शिविरों का



आयोजन किया जा रहा है, साथ ही राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए राजस्व अमले द्वारा डोर टू डोर पहुंचकर लोगों की राजस्व विसंगतियों को दूर किया जा रहा है।इसी क्रम में डोर टू डोर ई केवाईसी के लिए मालाखेड़ी, खोजनपुर, रसूलिया, सहित अन्य नगरिय क्षेत्रों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों जैसे ग्राम फेफरताल, झकलाय, ग्राम पंचायत भडंगचिखली, ग्राम ठीकरी और शोभापुर, ग्राम पुनौर तहसील पिपरिया जैसे अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी राजस्व अमले द्वारा घरों घर जाकर आरओआर लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम तथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए संबंधितो के ई केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा नक्शा तरमीम, सीमांकन, पारंपरिक रास्तों का चिन्हांकन, बटवारा, नामांतरण आदि के लंबित प्रकरणों का निराकरण भी राजस्व महाभियान की अवधि में राजस्व विभाग द्वारा प्रमुखता से किया जा रहा है।

# सेंट चार्ल्स स्कूल में पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्त मध्य प्रदेश पर सेमिनार आयोजित हुआ

**हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए किए गए प्रयास सराहनीय हैं : डॉ.मयंक तोमर**




नर्मदापुरम (निप्र)। सेंट चार्ल्स स्कूल द्वारा वरिष्ठ शैक्षिक परामर्शदाता, पर्यावरणविद् एवं साक्षरता अभियान के ब्रांड एंबेसडर डॉ. मयंक तोमर के मुख्य आतिथ्य में पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त मध्य प्रदेश विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत से पहले प्रिंसिपल सिस्टर विनुथा ने डॉ. मयंक तोमर का स्वागत एक पौधा देकर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.तोमर ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्य करना प्रत्येक मनुष्य का परम कर्तव्य है, जो अधिक से अधिक पौधरोपण से ही संभव है। ओजोन परत की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिशा में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, इसके अलावा डॉ.तोमर ने कहा कि आजकल युवा बहुत आसानी से नशे की लत में फंस रहे हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है, इसे तत्काल हल करने की जरूरत है और इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रयास सराहनीय हैं। सेमिनार का समापन स्कूल प्रबंधन द्वारा धन्यवाद स्वरूप डॉ. मयंक तोमर को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिए गए स्कूल मोमेंटो के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टाफ और विधार्थी उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश हेतु परीक्षा 18 जनवरी को

हरदा (निप्र)। जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 वी में प्रवेश हेतु परीक्षा 18 जनवरी 2025 को होगी। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय हरदा ने बताया कि यह परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर प्रात: 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। उन्होने बताया कि इन परीक्षा केन्द्रों में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, शासकीय कन्या उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय हरदा, शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा, शासकीय कन्या उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया, शासकीय हाई स्कूल चारूवा, शासकीय कन्या उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय सिराली, शासकीय बालक उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय सिराली, शासकीय बालक उत्कृष्ट उच्त्तर माध्यमिक टिमरनी, शासकीय कन्या उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी व सरस्वती विद्या मंदिर टिमरनी शामिल है। उन्होने बताया कि इस परीक्षा में जिले के 2655 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

# भगवा ध्वज से सजे बाजार

सीहोर, (आरएनएस)।अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरे नगर के रामभक्तों में अपार उत्साह है। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में 11 जनवरी शनिवार को मनाया जा रहा है। छावनी उत्सव समिति ने इस अवसर पर प्रभात फेरी और बधाई गीत के आयोजन रखे हैं। अनेक मंदिरों में इस दिन विशेष आरती की जायेगी। बाजार में भगवा ध्वज की दुकाने सज गई हैं।इस वर्ष 11 जनवरी को पढ़ रही श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी अयोध्या के साथ ही पूरे देश में मनाई जा रही है। इस दिन घरों पर नये भगवा ध्वज लगाने और शाम को 5 दीपक से रोशनी करने का आव्हान हिन्दु संगठनों और अयोध्या मंदिर समिति न्यास द्वारा किया गया है। इसी के चलते शहर में अनेक दुकानों पर भगवा ध्वज सज गये हैं और बड़ी संख्या में लोग इन्हे खरीद रहे हैं।इधर छावनी उत्सव समिति और सीता वाहिनी छावनी द्वारा 11 जनवरी को सुबह 7 बजे से प्रभात फेरी निकाली जायेगी। जिसमें राम जी भजनों के साथ राम नाम का सवा 5 लाख जाप भी किया जायेगा।जगदीश मंदिर छावनी में भी शाम को आयोजन रखा गया है यहॉ भगवान श्रीराम का झूला सजेगा और बधाई गीत गाये जायेंगे। यहॉ भगवान के 108 नामों से पूजा-अर्चना भी रखी गई है। छावनी उत्सव समिति ने बताया कि यहॉ महिलाओं को जानकी का सौभाग्य सिंदूर और सभी को श्रीराम जी के भंडार से बरकत का वितरण किया जायेगा।

# स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस ''युवा दिवस'' के उलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर ने बताया कि शासन द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समस्त विद्यालयों / महाविद्यालयों/ शिक्षण संस्थाओं / आश्रम शालाओ / छात्रावासों / पंचायतो आदि में प्रात: 9:00 से 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, वंदेमातरम् तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा, तत्पश्चात पूर्व की भॉति रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री का रिकार्डेड संदेश प्रसारित किया जाकर सूर्य नमस्कार एंव प्राणायाम कार्यकम संपन्न होगा। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि योग दिवस के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत करने के उद्देश्य से सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन छात्र/छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, स्वयं सेवी संगठनों, आम लोगों एवं जनसामान्य की सहभागिता से कराया जाएगा।

# जटाशंकर रॉक क्लाइम्बिंग चैलेंस का आयोजन 10 से 19 जनवरी 2025 तक

**कार्यक्रम में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी**

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं प्रबंध संचालक के निर्देशानुसार प्रदेश में नवीन एडवेंचर उत्पाद विकसित किये जाने के उद्देश्य से पचमढ़ी में प्रथम बार जटाशंकर रॉक क्लाइम्बिंग चैलेंस का आयोजन 10 से 19 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है, जिसमें देश/विदेश से रॉक क्लाइम्बर्स प्रतिभागिता करेंगे। तत्संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचमढी नर्मदापुरम द्वारा कार्यक्रम में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचमढी नर्मदापुरम ने डॉ0 विकास टैगोर, चिकित्सा अधिकारी की ड्यूटी 10 जनवरी से 14 जनवरी 2025 तक, डॉ0 तन्मय मालवीया, चिकित्सा अधिकारी की ड्यूटी 15 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक एवं पुरूषोत्तम पगारे, वार्डवाय की ड्यूटी 10 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक लगाकर निर्देशित किया है कि वे आवश्यक जीवनरक्षक दवाईयों की किट एवं उपकरणों के साथ कार्यक्रम स्थल पर ड्यूटी करना सुनिश्चित करें।

# ग्राम बुधवाडा में पीडब्ल्यूडी की अनुमोदित रोड पर भूस्वामियों द्वारा कार्य रोकने का विवाद सुलझाया गया



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा समय सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में ग्राम बुधवाडा, तहसील माखन नगर में पीडब्ल्यूडी द्वारा अनुमोदित रोड पर भूस्वामियों द्वारा कार्य को रोकने एवं रोड निर्माण में आपत्ति के समाधान के लिए नायब तहसीलदार स्वीटी चौहान की उपस्थिति में सीमांकन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय भूस्वामियों द्वारा आपत्ति लगाए जाने के कारण उत्पन्न विवाद को सुलझाने के लिए सीमांकन प्रक्रिया की गई है। 200 मीटर रोड पिछले 1 वर्षों से नारायण मीना, अर्जुन मीना के द्वारा शासकीय गोहा को रोके जाने के कारण निर्माण नहीं हो पा रहा था। अब इस रोड के बनने से नर्मदापुरम से सीधे गुजरवाड़ा पहुंचा जा सकता है। सीमांकन कार्य के दौरान नायब तहसीलदार ने संबंधित भूस्वामियों से संवाद कर सभी आपत्तियों का निराकरण किया और निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए रास्ता साफ किया। इस दौरान राजस्व, पीडब्लूडी तथा पुलिस की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

## मॉ नर्मदा जन्मोत्सव एवं नगर नर्मदापुरम् गौरव दिवस महोत्सव 2025 के आयोजन हेतु सक्षम समिति की बैठक 14 जनवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम ने बताया कि माँ नर्मदा जन्मोत्सव एवं गौरव दिवस महोत्सव तथा संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेला वर्ष 2025 सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में सक्षम समिति की बैठक प्रभारी मंत्री नर्मदापुरम् राकेश सिंह की अध्यक्षता में 14 जनवरी मंगलवार को प्रात: 11.00 बजे से कलेक्टर कार्यालय रेवा सभाकक्ष नर्मदापुरम् में आयोजित की जाएगी।

# ग्राम सुपरली में अवैध अतिक्रमण हटवाकर रास्ता कराया गया सुचारू



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बैहाराखेड़ी के ग्राम सुपरली में अवैध अतिक्रमण हटवाकर रास्ता सुचारू करवाया गया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को ग्राम पंचायत बैहाराखेड़ी के भ्रमण के दौरान जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों ने कलेक्टर को अतिक्रमण के संबंध में अवगत कराया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए तहसीलदार अनिल की उपस्थिति में ग्राम सुपरली में अतिक्रमण हटाकर रास्ता खुलवाया गया।

# केकेआर खेरी ने वेदांत और गोल्डन फाइटर ने सुपर हिटर को हराया

सीहोर,(आरएनएस)। शहर के बीएसआई मैदान एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था। शुक्रवार को दो मैच खेले गए। इसमें पहला मैच सुपर हिटर और गोल्डन फाइटर के मध्य खेला गया। इसमें गोल्डन फाइटर ने जीत हासिल की। इसके अलावा दूसरे मैच में केकेआर खेरी ने आठ विकेट से वेदांत को हराया।

शुक्रवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर हिटर ने 18 ओवर में दस विकेट खोकर 91 रन बनाए थे। इसमें सौरभ यादव ने 19 रन, शिवम चौबे ने 13 रन बनाए थे। इधर गोल्डन फाइटर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अस्मान अली-शिखर नवल ने 3-3 विकेट, नितेश-कपिल ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन फाइटर की टीम 12.3 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत हासिल की।

इसमें अभिषेक ने 24 रन, नितेश ने 11 रन, मुद्दशर आलम ने 20 रन और शिखर ने 14 रन की पारी खेली। वहीं सुपर हिटर की ओर से अमन, अंकित और अमेत ने 1-1 विकेट हासिल किया।

इसके अलावा एक अन्य मुकाबला केकेआर खेरी और वेदांत के मध्य खेला गया था। जिसमें केकेआर खेरी ने आठ विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में वेदांत ने 18 ओवर में 7 विकेट खोकर 138 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर खेरी ने रोमांचक मैच में जीत हासिल की। इसमें नीरज मेहरा ने 53 रन और नीरज मांझी ने 54 रन बनाए। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैचों का आयोजन किया जाएगा।

!! कार्यालय अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम (म.प्र.) !!
ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26
Email_hbdjail40@gmail.com
Email jscjhbd@mp.gov.in
दूरभाष क्रमांक 07574-252428
ई-निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)
म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार क्रय नियम के अंतर्गत( फार्म ( अ ) नियम 6 देखिये )

समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि (1) केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम, (2) जिला जेल बैतूल, (3) जिला जेल हरदा (4) सब जेल मुलताई, (5) सब जेल पिपरिया, (6) सब जेल सिवनीमालवा (7) सब जेल नसरूल्लागंज (8) सब जेल बरेली (9) सब जेल गौहरगंज

उपरोक्त वर्णित जेलों में परिरूद्ध बंदियों के लिये खाद्य सामग्रियों, सब्जियां, फल, स्वच्छता सामग्री दवाईयॉ एवं अन्य आवश्यक सामग्रीयो के क्रय हेतु वार्षिक निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से बेवसाइट http//www.mptender.gov.in पर दिनांक 05.02.2025 को शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण संबंधित जेल की बेवसाइट पर जाकर निविदा की सूचना प्राप्त कर सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य शर्तो से संबंधित जानकारी उक्त बेवसाइट पर ही देखी जा सकेगी।

जी/21375/24
अधीक्षक,
केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com